आज का अंक 100 पेज

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

गणतंत्र दिवस 26 जनवरी

रांची 26 जनवरी, 2025, रविवार, वर्ष 10, अंक 99, माघ, कृष्ण पक्ष, द्वादशी, संवत 2081, पृष्ठ : 24+24+24+20+8=100, मूल्य : ₹3.00


### शुभकामना

भारत के 75वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर सभी पाठकों, हॉकर बंधुओं, विज्ञापनदाताओं, एजेंटों, शुभचिंतकों, झारखंड और समस्त देशवासियों को आजाद सिपाही परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

- प्रबंधक

### अवकाश की सूचना

भारत के 75वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर 26 जनवरी, 2025 को आजाद सिपाही के कार्यालय में अवकाश रहेगा। अतः समाचार पत्र का अगला अंक 28 जनवरी 2025 को प्रकाशित होगा।

- प्रबंधक

### न्यूज रील्स

#### उत्तराखंड में राष्ट्रीय खेल 28 से, प्रधानमंत्री करेंगे उद्घाटन

देहरादून। उत्तराखंड में 28 जनवरी से राष्ट्रीय खेलों की शुरुआत होनी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन करने देहरादून आयेंगे।खेलों की तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वहीं, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राष्ट्रीय खेलों की तैयारी की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय खेल की तैयारी, उद्घाटन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री के आगमन समेत अन्य बिन्दुओं पर जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिये।

# झारखंड को मिला बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट का अवार्ड

## निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए राष्ट्रपति ने किया सम्मानित

- राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर दिल्ली में राष्ट्रपति ने झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार को दिया पुरस्कार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** लोकसभा और विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए झारखंड को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिला है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने झारखंड को निर्वाचन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट का नेशनल अवार्ड दिया। नयी दिल्ली के जोरावर ऑडिटोरियम के मानेकशां सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति ने राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रविकुमार को सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने राज्य के सभी मतदाताओं, निर्वाचन कार्य में लगे सभी बीएलओ, सभी मतदान कर्मी, पुलिस के पदाधिकारी, सुरक्षा बलों के जवानों, राजनीतिक दलों एवं मीडिया को उनके निर्वाचन के दौरान अपने कर्तव्य के निर्वहन के लिए धन्यवाद दिया।




### झारखंड में किये गये थे कई नवाचार

लोकसभा और विधानसभा चुनाव में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के। रवि कुमार के नेतृत्व में राज्य में कई नवाचार किये गये थे। जिसमें मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची को एकीकृत एवं समावेशी बनाते हुए इसकी त्रुटियों को शून्य स्तर पर लाने का प्रयास किया गया था। इसके तहत बीएलओ द्वारा कई बार प्रत्येक घरों के मतदाताओं का सत्यापन करते हुए उनके घरों पर स्टिकर चिपकाया गया था। पीवीटीजी मतदाताओं के लिए विशेष अभियान चलाकर मतदाता सूची से जोड़ने का कार्य किया गया था। वहीं मतदाताओं के लिए मतदान केंद्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम सेवाओं जैसे बिजली, पानी, शौचालय, दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर एवं रैंप की व्यवस्था की गयी थी।

उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव का स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संपन्न होने का श्रेय सभी स्टेकहोल्डर को जाता है। हम सब के सम्मिलित प्रयास से आज राज्य को यह सम्मान प्राप्त हुआ है।


**नक्सल प्रभावित इलाकों में शांतिपूर्ण मतदान :** सुदूर क्षेत्र के मतदाताओं के लिए उनके गांव में ही मतदान केंद्रों का निर्माण कराने के साथ ही 2 किलोमीटर से अधिक दूरी वाले मतदान केंद्रों के लिए वाहन कि भी व्यवस्था की गयी थी। इसके साथ ही ऐसे कई नक्सल प्रभावित क्षेत्र भी थे जहां इस बार पहली बार मतदाताओं ने शांतिपूर्ण मतदान किया। सुगम मतदान के लिए वाहन प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से कम से कम आम यातायात को बाधित करते हुए वाहनों को मतदान कार्यों के लिए उपयोग में लाया गया था। मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सुगमता के लिए 1 लाख 20 हजार से अधिक वॉलेंटियर को ट्रेनिंग दी गयी थी। जिन्होंने वृद्धजनों एवं दिव्यांग मतदाताओं एवं क्यू मैनेजमेंट में अहम भूमिका निभायी। शांतिपूर्ण मतदान के लिए सभी चेकपोस्टों को सीसीटीवी से लैस करते हुए मतदान केंद्रों के अंदर एवं बाहर की ओर से वेबकास्टिंग की भी व्यवस्था की गयी थी।

**बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप बनाया गया था :** मतदाताओं को जागरूक करने के लिए इंटरनेट मीडिया पर हैशटैग अभियान एवं हर वृहत स्तर पर स्वीप के तहत कार्यक्रम चलाया गया था। इसके साथ ही सभी मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप का भी निर्माण किया गया था, जिनके द्वारा मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के नेतृत्व में चलाये जानेवाले जागरूकता के कारण लोकसभा चुनाव मतदान प्रतिशत की वृद्धि देखी गयी।








समस्त देशवासियों को
गणतंत्र
दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
चलो फिर से खुद को जगाते हैं
देश के शहीदों
के आगे अपना सिर झुकाते हैं
रमेश सिंह
युवा भाजपा नेता, समाजसेवी सह
प्रदेश कार्यसमिति सदस्य
झारखंड प्रदेश

# गुरुप्रकाश पासवान ने कहा- संविधान भाजपा के लिए श्रद्धा और आस्था का विषय




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** संविधान गौरव अभियान के तहत भाजपा नेता गुरुप्रकाश पासवान ने संविधान के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर कांग्रेस और राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस द्वारा चलाया जा रहा मिस इंफॉर्मेशन अभियान संविधान के महत्व को नुकसान पहुंचा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस खासकर राहुल गांधी संविधान की भावना को सही तरीके से नहीं समझते और उसे अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए गलत तरीके से प्रस्तुत कर रहे हैं।

**कांग्रेस ने एसटी/ एससी/ ओबीसी वर्ग को प्राथमिकता नहीं दी :** गुरुप्रकाश पासवान ने कहा संविधान के फंडामेंटल क्या होते हैं यह कांग्रेस के युवराज से पूछा जाना चाहिए। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में जनता ने कांग्रेस के इस मिस इंफॉर्मेशन अभियान का माकूल जवाब दिया है। उन्होंने आगे कहा राहुल गांधी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर द्वारा स्थापित संविधान के ठेकेदार बनने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन उन्होंने कभी अपने शासनकाल में एसटी/एससी/ओबीसी वर्ग को प्राथमिकता नहीं दी। पासवान ने झारखंड का उदाहरण देते हुए कहा कि भाजपा ने वहां अमर बाउरी को नेता प्रतिपक्ष बना कर दलित समुदाय का सम्मान किया। उन्होंने यह भी कहा कि देश का दलित समाज और अंबेडकर के अनुयायी आज कांग्रेस से सवाल कर रहे हैं कि उनकी पार्टी ने इस वर्ग के लिए क्या किया।

## मोदी और भाजपा के रहते आरक्षण को छू भी नहीं सकती कांग्रेस

कांग्रेस और राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए पासवान ने कहा नेहरू जी और इंदिरा जी ने खुद को भारत रत्न का पुरस्कार दे दिया जबकि राहुल गांधी विदेशों में जाकर यह कहते हैं कि हम आरक्षण को खत्म करेंगे। उन्होंने यह भी जोड़ा राहुल गांधी और कांग्रेस चाहे जितना भी प्रयास करें जब तक पीएम मोदी और भाजपा की सरकार है वे आरक्षण को छू भी नहीं सकते हैं। गुरुप्रकाश पासवान ने भाजपा के संविधान के प्रति अडिग आस्था को रेखांकित करते हुए कहा कि संविधान भाजपा के लिए केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं बल्कि श्रद्धा और आस्था का विषय है। उन्होंने यह भी बताया कि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा बाबा साहब अंबेडकर के विचारों को लेकर सजग हैं और उनके प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हैं।












याद रखेंगे वीरों तुमको हरदम
यह बलिदान तुम्हारा है
हमको तो है जान से प्यारा
यह गणतंत्र हमारा है
गणतंत्र
दिवस की
समस्त देशवासियों को
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं !
INDIA
सन्नी टोप्पो
युवा भाजपा नेता
मांडर विधानसभा क्षेत्र


जय हिन्द
भारतीय प्रजातन्त्र एवं सुदृढ़
न्याय व्यवस्था के प्रतीक
गणतंत्र दिवस
की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
सबका साथ
सबका विकास....
डॉ. प्रदीप वर्मा
राज्य सभा सांसद सह
भाजपा प्रदेश महामंत्री
झारखंड


जय हिन्द
भारतीय प्रजातन्त्र एवं सुदृढ़
न्याय व्यवस्था के प्रतीक
गणतंत्र दिवस
की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
जैलेन्द्र कुमार
पूर्व जिला अध्यक्ष

# मंत्री इरफान अंसारी बोले, मैं भी कुंभ में स्नान करने जाऊंगा

**झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान ने कहा, भाजपा को संदेश दूंगा- धर्म के नाम पर राजनीति ना करें**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि वह महाकुंभ मेले में स्नान करने जायेंगे और उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार को संदेश देंगे कि धर्म के नाम पर राजनीति नहीं करनी




चाहिए। उन्होंने यह बयान जामताड़ा में पत्रकारों से बातचीत के दौरान दिया। उन्होंने आगे कहा कि वह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को झारखंड आने और यहां की सरकार के काम को देखने के लिए आमंत्रित करेंगे। उन्होंने कहा कि वह योगी आदित्यनाथ को दिखायेंगे कि झारखंड में कैसे विकास कार्य किये जा रहे हैं।

इसके अलावा, डॉ अंसारी ने यह भी कहा कि उन्होंने जिला अधिकारी को निर्देश दिया है कि अगर किसी गरीब के घर में बुलडोजर चलाया जाता है, तो उन्हें इसकी जानकारी दी जाये। उन्होंने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री का भी यह कहना है कि अगर किसी के घर को हटाने की जरूरत पड़ती है, तो पहले उसकी व्यवस्था की जाये। इरफान अंसारी ने कहा कि 'उत्तर प्रदेश के गरीब तबाह हैं। खून के आंसू गरीब रो रहे हैं। वो राजा कभी भी सफल नहीं हो सकता जो गरीब को उजाड़ दे। तानाशाह राजा का अंत देखियेगा बहुत बुरा होता है। मैं सीएम योगी से कहूंगा कि बंद करो ये नाटक। बंद करो लोगों को उजाड़ना।'

इरफान अंसारी ने कहा है कि अगर उत्तर प्रदेश में उनकी सरकार आती है, तो वे उन घरों को बसाने का काम करेंगे जिन्हें योगी आदित्यनाथ ने उजाड़ा है। उन्होंने कहा कि गरीबों के घरों को तोड़ना तकलीफदेह है और गरीब होना कोई पाप नहीं है। डॉ अंसारी ने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश को एक ऐसे नेता की जरूरत है जो गरीबों की बात समझे और उनके हितों की रक्षा करे। उन्होंने कहा कि उनके मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि वोट दिया जाये या नहीं, सम्मान तो सभी का किया जायेगा। उन्होंने यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को भी यह सोच अपनानी चाहिए कि गरीबों के साथ न्याय किया जाये और उनके अधिकारों की रक्षा की जाये।

## पटना में बॉयज हॉस्टल में लगी आग, 40 लोगों का किया गया रेस्क्यू


पटना (आजाद सिपाही)। पटना के कोतवाली थाना क्षेत्र में एक बॉयज हॉस्टल में अचानक आग लग गयी। आग लगते ही अफरा-तफरी मच गयी और सूचना मिलते ही दमकल और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया और सभी 40 लोगों का रेस्क्यू कर लिया गया है। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बतायी जा रही है। जिला अग्निशमन पदाधिकारी मनोज नट ने बताया कि आग लगने की पहली वजह शॉर्ट सर्किट सामने आयी है, लेकिन इसकी जांच करायी जायेगी।










# उत्पाद विभाग ने जब्त की वेबेल कंपनी की 5.49 करोड़ की बैंक गारंटी




**बकाया राशि जमा नहीं करने पर विभागीय मंत्री योगेंद्र प्रसाद के निर्देश पर कार्रवाई की गयी है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग ने शराब की खुदरा दुकानें चलाने वाली कंपनी वेबेल टेक्नोलॉजी पर बड़ी कार्रवाई की है। विभाग ने कंपनी की लगभग 5.49 करोड़ रुपये की बैंक गारंटी जब्त कर ली है। मिली जानकारी के अनुसार, कंपनी द्वारा बकाया राशि जमा नहीं करने पर विभागीय मंत्री योगेंद्र प्रसाद के निर्देश पर कार्रवाई की गयी है।

## कंपनी को ब्लैक लिस्ट में डालने का दिया निर्देश

जानकारी हो कि मंत्री ने बैंक गारंटी जब्त करने के साथ ही कंपनी को तत्काल काली सूची में डालने का भी निर्देश दिया है। ताकि भविष्य में भी कंपनी को राज्य में कोई काम न मिल सके। योगेंद्र प्रसाद ने बैंक गारंटी जब्त होने के बावजूद बकाया राशि की भरपाई न होने पर, शेष राशि की वसूली के लिए वेबेल कंपनी के खिलाफ सर्टिफिकेट केस करने का निर्देश भी दे दिया है।

## क्यों हुई कंपनी पर कार्रवाई

इस दौरान बताया गया कि कंपनी पर विभाग का 15.24 करोड़ रुपये बकाया है। इस कारण कंपनी ने बैंक में जो 5.49 करोड़ रुपये गारंटी के रूप में जमा किये थे, उसे जब्त कर लिया गया है। हालांकि, बैंक गारंटी जब्त करने के बावजूद वेबेल कंपनी पर 9.75 करोड़ रुपये बकाया है। इस कारण मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने यह फैसला लिया है।

## मंत्री ने पहले ही दी थी चेतावनी

मालूम हो कि झारखंड राज्य विबरेज कॉर्पोरेशन ने शराब की खुदरा दुकानों के संचालन की जिम्मेदारी अलग-अलग मैनपावर एजेंसियों को सौंपी है। विबरेज कॉर्पोरेशन की ओर से इन सभी एजेंसियों को शराब की आपूर्ति की जाती है। इस दौरान एजेंसियों को



शराब की बिक्री का पैसा नियमित रूप से बैंक में जमा करना होता है। ऐसे में कई एजेंसियों ने पैसे तो जमा कराये हैं, लेकिन पूरे नहीं। इस वजह से मंत्री ने बचे हुए बकाया राशि को जमा करने को लेकर कंपनी को पहले ही चेतावनी दी थी। इस पर कुछ एजेंसियां कोर्ट चली गयीं, जिससे उन्हें स्टे ऑर्डर मिल गया। लेकिन वेबेल कंपनी कोर्ट नहीं गयी, इस कारण विभाग और मंत्री की ओर से उसके खिलाफ कार्रवाई की गयी।










Happy
Republic Day
Today, Let Us Remember The Golden Heritage Of Our Country
And Feel Proud To Be A Part Of India
26 th
January
REPUBLIC DAY
With Best Compliments From
A & A CONSTRUCTION
Pustak Bhawan Complex, Court Road, Ranchi (Jharkhand)

# सिद्दारमैया के संकेत

उथलपुथल और विवादों से गुजरती कर्नाटक कांग्रेस में मुख्यमंत्री सिद्दारमैया के ताजा बयान के बाद परदे के पीछे गतिविधियां और तेज हो गई हैं। मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने गुरुवार को पहली बार संकेत दिया कि राज्य में इसी साल नेतृत्व परिवर्तन हो सकता है। अब तक ऐसे सवालों पर उनका दावा होता था कि उनकी सरकार पांच साल का कार्यकाल पूरा करेगी।

**अघोषित फॉर्म्युला :** इस बात की कभी औपचारिक तौर पर पुष्टि नहीं हुई, लेकिन 2023 में मौजूदा कांग्रेस सरकार बनने के बाद से ही कहा जा रहा है कि वहां रोटेशनल चीफ मिनिस्टर की व्यवस्था पर सहमति बनी थी। इसके तहत सिद्दारमैया 30 महीने मुख्यमंत्री रहेंगे और फिर अगले 30 महीने डी के शिवकुमार उस पद पर बैठेंगे। चूंकि सिद्दारमैया इसी साल के आखिर तक सीएम पद पर अपने 30 महीने पूरे कर लेंगे, इसलिए नेतृत्व परिवर्तन को लेकर सुगबुगाहट शुरू होना स्वाभाविक है।

**अमल में दिक्कत :** इस तरह के फॉर्म्युले की चर्चा कई अन्य कांग्रेस शासित राज्यों में भी होती रही है। लेकिन उसका अमल में आना हमेशा मुश्किल रहा है। इसका एक अच्छा उदाहरण छत्तीसगढ़ है। वहां पिछले विधानसभा चुनाव में हुई कांग्रेस की हार की एक वजह टीएस सिंहदेव की नाराजगी को भी माना जाता है जिन्हें वादे के बावजूद सीएम पद नहीं मिला था।

> कर्नाटक में भी मौजूदा मुख्यमंत्री का अब तक का रुख यही संकेत दे रहा था कि इस कथित फॉर्म्युले को अमल में लाना मुश्किल साबित होगा। लेकिन चाहे, कथित मुदा घोटाले के कारण पार्टी के अंदर और बाहर से बन रहे अतिरिक्त दबाव की भूमिका हो या कुछ और, नेतृत्व परिवर्तन का फैसला सिद्दारमैया ने आलाकमान पर छोड़ दिया है।

**अतिरिक्त दबाव :** कर्नाटक में भी मौजूदा मुख्यमंत्री का अब तक का रुख यही संकेत दे रहा था कि इस कथित फॉर्म्युले को अमल में लाना मुश्किल साबित होगा। लेकिन चाहे, कथित मुदा घोटाले के कारण पार्टी के अंदर और बाहर से बन रहे अतिरिक्त दबाव की भूमिका हो या कुछ और, नेतृत्व परिवर्तन का फैसला सिद्दारमैया ने आलाकमान पर छोड़ दिया है। अगर इस दिशा में बात आगे बढ़ती है तो दक्षिण के एक महत्वपूर्ण राज्य में पार्टी के पास युवा नेतृत्व को बढ़ावा देने का मौका होगा। चूंकि अभी चुनाव में देर है, इसलिए नए नेतृत्व के पास भी खुद को साबित करने के लिए पर्याप्त वक्त होगा।

**नतीजों पर नजर :** इसका आखिरकार नतीजा क्या होगा यह तो अभी स्पष्ट नहीं है, लेकिन यह खबर जरूर है कि राज्य में मुख्यमंत्री पद का सपना देख रहे कई नेताओं के समर्थकों ने पूजा-पाठ और अनुष्ठान करवाने शुरू कर दिए हैं। यह घटनाक्रम विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी के अंदर आलाकमान को मजबूती देते हुए अनुशासन की भावना बढ़ाता है या प्रदेश में अंदरूनी गुटबाजी को तेज करता है, यह देखने वाली बात होगी।

अभिमत
आजाद सिपाही

**पर्यटन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार 2024 के पहले 6 महीनों में 47.78 लाख विदेशी पर्यटकों ने भारत का दौरा किया, जो वर्ष 2023 की तुलना में 9.1 प्रतिशत अधिक है, लेकिन 2019, जो कोविड-19 को वैश्विक महामारी घोषित होने से पहले का वर्ष था, की इसी अवधि की तुलना में 9.8 प्रतिशत कम है। हालांकि इससे 132 लाख करोड़ की आमदनी हुई और 32.1 मिलियन लोगों को नौकरियां मिलीं। दूसरी ओर 2024 में फ्रांस में 89.4 मिलियन,स्पेन में 83.7 मिलियन, अमेरिका में 79.3 मिलियन और चीन में 65.7 मिलियन पर्यटक आये।**

# विदेशी पर्यटकों का भारत दौरा

**नवनीत**

महामारी के बाद अंतरराष्ट्रीय पर्यटन में वृद्धि लगभग एक वैश्विक स्वरूप ले चुकी है और जब विदेश यात्रा करने वाले भारतीयों की बात आती है, तो कहानी बहुत अलग नहीं है। विदेश जाने वाले भारतीय यात्रियों की संख्या पूर्व कोविड स्तर से अधिक हो गयी है। हालांकि बात जब भारत आने वाले विदेशी पर्यटकों की आती है, तो तस्वीर उतनी रोमांचक नहीं दिखायी पड़ती।

पर्यटन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार 2024 के पहले 6 महीनों में 47.78 लाख विदेशी पर्यटकों ने भारत का दौरा किया, जो वर्ष 2023 की तुलना में 9.1 प्रतिशत अधिक है लेकिन 2019, जो कोविड-19 को वैश्विक महामारी घोषित होने से पहले का वर्ष था, की इसी अवधि की तुलना में 9.8 प्रतिशत कम है। हालांकि इससे 132 लाख करोड़ की आमदनी हुई और 32.1 मिलियन लोगों को नौकरियां मिलीं। दूसरी ओर 2024 में फ्रांस में 89.4 मिलियन,स्पेन में 83.7 मिलियन, अमेरिका में 79.3 मिलियन और चीन में 65.7 मिलियन पर्यटक आये। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (डब्ल्यूइएफ) के 2024 यात्रा और पर्यटन विकास सूचकांक (टीटीडीआइ) में भारत 119 देशों की सूची में 39वें नंबर पर है। यह पूछने पर कि किन विशेषताओं के कारण वे छोटे से देश फ्रांस में जाना पसंद करते हैं, तो पर्यटक वहां के ऐतिहासिक स्थलों, प्रतिष्ठित इमारतों, भोजन, वहां के शिल्प और कला तथा संग्रहालयों का उल्लेख करते हैं। इसी प्रकार स्पेन जाने वाले पर्यटकों द्वारा वहां की स्वच्छ हवा, पानी और दर्शनीय स्थलों को मुख्य आकर्षण बताया जाता है।

> वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के 2024 यात्रा और पर्यटन विकास सूचकांक में भारत 119 देशों की सूची में 39वें नंबर पर है।



> भारत की बात करें तो हमारी एकमात्र उपलब्धि सिर्फ मेडिकल टूरिज्म है, जिसमें हमारा विश्व में पांचवां स्थान है, जबकि राष्ट्रीय पर्यटन की अन्य श्रेणियों में हमारा कोई महत्वपूर्ण स्थान नहीं है। भारत, जहां कदम-कदम पर इतिहास की छाप मौजूद है, दर्शनीय इमारतों की बहुतायत है और हमारे प्रत्येक राज्य के विविधतापूर्ण भोजन, नृत्य, कला, संस्कृति, जीवन शैली की अपनी एक अलग विशेषता है।

भारत की बात करें तो हमारी एकमात्र उपलब्धि सिर्फ मेडिकल टूरिज्म है, जिसमें हमारा विश्व में पांचवां स्थान है, जबकि राष्ट्रीय पर्यटन की अन्य श्रेणियों में हमारा कोई महत्वपूर्ण स्थान नहीं है। भारत, जहां कदम-कदम पर इतिहास की छाप मौजूद है, दर्शनीय इमारतों की बहुतायत है और हमारे प्रत्येक राज्य के विविधतापूर्ण भोजन, नृत्य, कला, संस्कृति, जीवन शैली की अपनी एक अलग विशेषता है, फिर भी यहां विदेशों से पर्यटक क्यों नहीं आना चाहते? इसका सर्वप्रथम कारण है हमारे धार्मिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पर्यावरण की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थलों पर स्वच्छता का अभाव। इसके अलावा एक बड़ा कारण है हमारी सरकारों का पर्यटन को बढ़ावा देने पर उतना ध्यान नहीं देना, जितना उन्हें देना चाहिए। ऐसे ही उपेक्षित स्थलों में से एक है दिल्ली से लगभग 150 किलोमीटर दूर हिसार के निकट स्थित हड़प्पा सभ्यता का स्थान राखीगढ़ी। यहां खुदाई के दौरान प्राप्त वस्तुओं में खेल-खिलौने, छलनी, विभिन्न औजार, पालतू पशुओं के अवशेष, तांबे और कांसे के सामान, पॉटरी, गहने और हड़प्पा कालीन लिपि युक्त मुद्राएं आदि शामिल हैं।

अब इस बात की भी पुष्टि हो चुकी है कि हड़प्पा सभ्यता के लोग न केवल खेलों के शौकीन थे बल्कि मनोरंजन के भी। वहां खुदाई में मिट्टी की ईंटों से बना एक स्टेडियम भी मिला है, जिसमें ढलान युक्त सीढ़ीनुमा बैठने के स्थान तथा ठंड से बचने के लिए आग जलाने के स्थान भी हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि उस युग में आयोजन रात के समय भी चलते थे, जबकि पाश्चात्य सभ्यताओं में रोम में कॉलेजियम तो थे, परंतु वहां इस तरह के खेल आयोजन स्थलों के कोई अवशेष नहीं पाये गये।

इसी प्रकार पंजाब के रोपड़ में भी एक इतना ही प्राचीन और महत्वपूर्ण स्थान है, जहां सिंधु घाटी सभ्यता से संबंधित अवशेष मिले हैं, जिसके बारे में रोपड़ में रहने वाले कम ही लोगों को जानकारी है। यदि कोई व्यक्ति गूगल से पता करके वहां पहुंच भी जाये, तो वहां उसका मार्गदर्शन करने के लिए या किसी प्रकार की जानकारी देने वाला कोई व्यक्ति नहीं मिलेगा। इसके निकट ही एक म्यूजियम है, जिसके प्रवेश द्वार पर एक व्यक्ति बैठा रहता है। हालांकि म्यूजियम में प्रवेश का शुल्क 5 या 10 रुपये निर्धारित है।

इस म्यूजियम में खुदाई के दौरान निकली हुई अनेक सुंदर मूर्तियां मौजूद हैं, परंतु इन्हें देखने के लिए न कोई स्थानीय कला प्रेमी आता है और न कोई बाहरी पर्यटक, क्योंकि किसी को इसके बारे में पता ही नहीं है कि वहां कितना अनमोल खजाना पड़ा है।

न केवल ऐतिहासिक बल्कि हमारे यहां धार्मिक पर्यटन को भी बहुत अधिक प्रोत्साहन दिया जा सकता है, जैसे कंबोडिया में मंदिरों के पर्यटन को बढ़ावा दिया जाता है। ऐसे में वाराणसी को नहीं भूलना चाहिए, जहां चप्पे-चप्पे पर ऐतिहासिक प्राचीन मंदिर हैं, परंतु शहर में सफाई न होने के कारण यह शहर देश-विदेश के पर्यटकों को उतना आकर्षित नहीं कर पाया, जितना आकर्षित कर सकता था। हम स्वयं को एक महान सभ्यता होने का दावा तो करते हैं, परंतु इसके संरक्षण की ओर ध्यान नहीं देते हैं।

हमारी धरोहर न केवल मंदिर हैं, बल्कि हर धर्म के और हर समुदाय के और हर दौर के शासकों चाहे वे मुगल हों या अंग्रेज, द्वारा बनवायी गयी इमारतें और अन्य दर्शनीय स्थान हैं जो पर्यटन को आकर्षित करने का बड़ा माध्यम बन सकते हैं।

## विशेष

# अमित शाह की रणनीति से देश में दम तोड़ रहा है नक्सलवाद

## ■ नक्सलियों के खिलाफ चल रहे निर्णायक अभियान का दिखने लगा है असर

## ■ झारखंड, छत्तीसगढ़ और दूसरे राज्यों में अब सुरक्षा बल पड़ने लगे हैं भारी

**आमतौर पर नक्सली, आतंकवादी और अंडरवर्ल्ड के मास्टरमाइंड अपने पूरे जमात के साथ भारतीय गणतंत्र के लिए चुनौती समझे जाते हैं। इसलिए सुरक्षा बलों ने 76वें गणतंत्र दिवस से महज कुछ दिन पहले नक्सलियों के खिलाफ जो निर्णायक कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय ऑपरेशन चलाये हैं और 50 से ज्यादा नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराया है, वह तिरंगे और संवैधानिक गणतांत्रिक व्यवस्था को सच्ची सलामी है। इसलिए देशवासियों की अपेक्षा है कि सुरक्षा बलों की यह कार्रवाई और अधिक तेज होनी चाहिए, क्योंकि ऐसा करके ही हम उनके नापाक हौसले को तोड़ सकते हैं। अब यह साफ हो चला है कि देश से नक्सलवाद का सफाया अब नजदीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 31 मार्च, 2026 तक नक्सलियों का पूरी तरह सफाया करने का जो एलान किया था, वह अब सफल होता दिखाई देने लगा है। झारखंड और छत्तीसगढ़ समेत दूसरे राज्यों से नक्सलियों के पांव उखड़ने लगे हैं। हाल के दिनों में सुरक्षा बल नक्सलियों पर भारी पड़ते दिखे हैं। कई मुठभेड़ हुए हैं, लेकिन किसी में भी सुरक्षा बलों को नुकसान नहीं उठाना पड़ा है। इससे साबित होता है कि देश में नक्सलवाद अब अंतिम सांसें गिन रहा है। हाल के दिनों में नक्सलियों के खिलाफ चलाये गये अभियान के असर और सुरक्षा बलों को मिली सफलता का क्या है प्रभाव, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

झारखंड, छत्तीसगढ़ और देश के अन्य हिस्सों में बड़ी समस्या बन चुके नक्सलवाद के खिलाफ हाल के दिनों में सुरक्षा बलों को जो सफलता हासिल हुई है, वह इस बात का साफ संकेत है कि यह समस्या अब अंतिम सांसें गिन रही है। लाल आतंक के रूप में चर्चित नक्सलवाद पर नकेल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की रणनीति की बड़ी उपलब्धि कही जा सकती है। इसका श्रेय निश्चित तौर पर गृह मंत्री अमित शाह को जाता है, लेकिन इसमें राज्यों की भी कम भूमिका नहीं रही है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 31 मार्च 2026 तक देश को नक्सलवाद से मुक्त करने का लक्ष्य रखा है। नक्सलवाद पर नकेल कितना कारगर रहा है, इसका ही असर है कि देश के अब सिर्फ 38 जिले ही नक्सल प्रभावित माने जा रहे हैं, जबकि पहले ऐसे जिलों की संख्या 120 से अधिक थी। नक्सलवाद से जुड़े सिमटते आंकड़े ही बता रहे हैं कि केंद्र सरकार की नक्सलविरोधी रणनीति की दिशा सही है।

हाल के दिनों में सुरक्षा बलों की कार्रवाई में भारी संख्या में नक्सली या तो मारे गये हैं या फिर गिरफ्तार किये गये हैं। इसके साथ ही कई नक्सलियों ने आत्मसमर्पण करके मुख्य धारा की जिंदगी को अपनाया है। मारे गये नक्सलियों में शीर्ष नक्सली नेता चलपति और कई अन्य कमांडर शामिल हैं। छत्तीसगढ़ में तो सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के एक पूरे दस्ते का ही सफाया कर दिया है। अब बचे-खुचे नक्सली इधर-उधर भागे फिर रहे हैं।



नक्सली आतंक पर कामयाबी के पीछे रही तीन-स्तरीय रणनीति, जिसके तहत सबसे पहले नक्सलियों पर आत्मसमर्पण का दबाव बनाया गया। अगर इसके बावजूद नक्सली नहीं मानते, तो उनकी पहले गिरफ्तारी के लिए रणनीति बनायी गयी। इसके बावजूद अगर नक्सली नहीं माने, तो उनके खिलाफ निर्णायक मुठभेड़ की तैयारी की गयी। इसी का असर रहा कि पिछले छह महीने में अकेले छत्तीसगढ़ राज्य में ही एक हजार से ज्यादा नक्सलियों ने या तो आत्मसमर्पण किया या फिर उनकी गिरफ्तारी की गयी है, जबकि करीब 350 नक्सली मारे गये। झारखंड में भी दो दर्जन के करीब नक्सली मारे गये। झारखंड में इसी तरह एक सैक मेंबर, दो जोनल कमांडर, छह सब जोनल कमांडर और छह एरिया कमांडर गिरफ्तार किये गये।

नक्सलवाद की कमर सबसे ज्यादा उस झारखंड और छत्तीसगढ़ में टूटती नजर आ रही है, जहां नक्सलियों ने लगभग पूरे राज्य में अपने पैर जमा लिये थे। वर्ष 2000 में जब झारखंड और छत्तीसगढ़ बना था, तब इन दोनों राज्यों के तीन चौथाई इलाके में नक्सलियों की तूती बोलती थी। आज वह प्रभाव लगभग खत्म हो गया है।

नक्सलवाद के लिए सबसे महत्वपूर्ण कारण नक्सल प्रभावित इलाकों में बुनियादी ढांचे की कमी को माना जाता रहा है। नक्सलवाद का समूल नाश करने के लिए मौजूदा केंद्र सरकार ने सबसे पहले इसी समस्या को खत्म करने पर जोर दिया। इसके तहत केंद्र सरकार ने विकास और बुनियादी ढांचे पर विशेष ध्यान केंद्रित किया। तमाम नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के हजारों गांवों को सड़क, बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं से जोड़ा गया। इन गांवों में बुनियादी सहूलियतों को बहाल किया गया। इसकी वजह से इन इलाकों के स्थानीय निवासियों की जिंदगी की कठिनाइयां कम हुईं। इसकी वजह से उन्होंने विकास की धारा को अपनी आंख से देखा और भारत के बारे में उनकी धारणा बदली। इस धारणा को बदलने के बाद सुरक्षा बलों के लिए नक्सलियों को रोकने के लक्ष्य में बड़ी सफलता मिली। नक्सलियों को लोक समर्थन कम हुआ। इसके साथ ही सरकार ने आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को मुख्यधारा में शामिल करने के लिए आर्थिक सहायता और पुनर्वास योजनाओं की शुरुआत की। इसके तहत 40 हजार आवास बनाने का फैसला लिया गया। साथ ही नक्सल प्रभावित इलाकों में रोजगार को लेकर विशेष योजनाएं चलायी गयीं। इससे न केवल हिंसा में कमी आयी, बल्कि स्थानीय लोगों की जिंदगी की दुश्वारियां कम हुईं। इसकी वजह से उन लोगों का मन बदला, जो नक्सलवादी वैचारिक बहकावे में चल पड़े थे। बुनियादी ढांचा सुधारने, रोजगार की स्थितियां बेहतर बनाने और विकास की धारा को बहाने के बावजूद लंबे समय से नक्सल प्रभावित रहे लोगों के लिए मुख्यधारा में लौटना या मुख्यधारा के प्रति भरोसा बनाना बिना सुरक्षा सुनिश्चित किये संभव नहीं था। सरकार ने इस मोर्चे पर भी काम किया और सुरक्षा बलों की प्रभावी उपस्थिति हरसंभव स्तर पर की।

नक्सल प्रभावित इलाकों में स्वास्थ्य और शिक्षा सहूलियत को बढ़ावा देने के लिए युद्धस्तर पर कार्यक्रम चलाये गये। पहले इन इलाकों के लिए स्कूल और अस्पताल सपना थे, लेकिन अब हालात बदल रहे हैं। इसके साथ ही, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों की स्थापना भी की गयी है, जहां आदिवासी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है। इससे भी नक्सल प्रभावित इलाकों के लोगों का मन बदला है। स्थानीय समुदायों का सहयोग इस अभियान की सफलता का एक महत्वपूर्ण पहलू रहा है। अमित शाह ने प्रभावित क्षेत्रों में जनता से सीधे संवाद स्थापित किया है। ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया है, जिससे उनका जीवन स्तर बेहतर हुआ है। स्थानीय सुरक्षा बलों को मजबूत करते हुए उनकी मदद से नक्सलवाद को कमजोर किया गया है। इन प्रयासों ने न केवल जनता का विश्वास जीता है, बल्कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति और स्थिरता लाने में भी मदद की है।

इस बीच नक्सलियों पर गहन निगाह रखने के लिए जहां खुफिया तंत्र को मजबूत बनाया गया, वहीं उनकी निगहबानी के लिए तकनीक का भी खूब सहारा लिया जा रहा है। ड्रोन जैसी तमाम तकनीकों के जरिये जहां माओवादियों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है, वहीं सटीक सूचनाओं के चलते उनके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने में भी आसानी हुई है। इसके साथ ही नक्सलियों के लिए की जा रही परोक्ष और अप्रत्यक्ष फंडिंग पर नकेल कसी गयी है। हालांकि सरकार के इस कदम को लेकर राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आलोचना झेलनी पड़ी है। लेकिन केंद्र सरकार ने अपना रुख नहीं बदला। इससे नक्सलियों की आर्थिक रीढ़ कमजोर हुई है।

## भानु प्रताप शाही की जनहित याचिका पर आया फैसला

# सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, तो अड़चनों को दूर कर जल्द हो कनहर बराज का निर्माण : हाइकोर्ट

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** हाइकोर्ट की खंडपीठ ने गढ़वा, पलामू के लोगों को पानी उपलब्ध करने के लिए कनहर बराज के निर्माण से संबंधित पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही की जनहित याचिका पर अपना फैसला सुनाया है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि चूंकि राज्य सरकार चाहती है कि यह विचाराधीन परियोजना आगे बढ़े और केंद्र सरकार से वित्तीय सहायता प्राप्त करना, वन भूमि क्लीयरेंस, जमीन अधिग्रहण आदि कठिनाइयों के कारण इस परियोजना को पूरा करने में और समय लगना है, इसलिए इस जनहित याचिका को लंबित रखने का कोई कारण नहीं दिखता। इस जनहित याचिका को बंद की जाती है। अपने आदेश में कोर्ट ने कहा है कि सरकार ने यह स्वीकार किया कि पलामू प्रमंडल के अंतर्गत आने वाले लोगों को सिंचाई सुविधाओं के साथ-साथ पेयजल सुविधाएं उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसे लेकर जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार से निवेश मंजूरी प्राप्त करने की आवश्यकता है और परियोजना के वित्तपोषण के लिए भारत सरकार से अनुमोदन की भी प्रतीक्षा है। बराज के निर्माण को शुरू करने में सरकार द्वारा बतायी गयी कठिनाइयों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।




जब तक कानून रूप से समस्याओं का समाधान नहीं होता है तबतक सरकार के लिए परियोजना को आगे बढ़ाना संभव नहीं होगा। इस प्रकार के मुद्दे बहुत जटिल हैं और यह कार्यपालिका के विवेक पर छोड़ दिया जाना चाहिए कि वे वास्तविक कठिनाइयों के मद्देनजर परियोजना का काम कब और किस तरीके से पूरा करना चाहते हैं। यह न्यायालय का मामला नहीं है कि वह संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत अपने अधिकार क्षेत्र का प्रयोग करते हुए बराज के निर्माण को पूरा करने के लिए कोई समय सीमा तय करे।

सरकार ने बताया था, कनहर बराज प्रोजेक्ट के लिए जमीन अधिग्रहण में 18 माह का लगेगा समय पूर्व की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से मामले में कोर्ट को बताया गया था कि कनहर बराज प्रोजेक्ट के लिए जमीन अधिग्रहण में 18 माह का समय लगेगा। इसके बाद कनहर बराज निर्माण पूरा होने में 5 साल का समय लगेगा। जिसपर ही हाइकोर्ट ने राज्य सरकार से जानना चाहा था कि कनहर बराज के लिए 18 माह की जमीन अधिग्रहण एवं पांच साल का निर्माण पूरा होने की अवधि कब से मानी जायेगी, इसे स्पष्ट करें। कोर्ट ने राज्य सरकार द्वारा कहनर प्रोजेक्ट के लिए जमीन अधिग्रहण के लिए 18 माह एवं निर्माण पूरा करने के लिए 5 साल के संबंध में दिये गये शपथ पत्र पर असंतुष्ट की जतायी थी, कहा था कि इससे पहले भी राज्य सरकार ने अपने शपथ पत्र में यही बातें कही थी। राज्य सरकार द्वारा कोर्ट को यह भी बताया गया था कि कनहर बराज निर्माण को लेकर फॉरेस्ट क्लियरेंस जल्द करने को लेकर केंद्र सरकार से झारखंड के मुख्य सचिव ने फिर से पत्राचार भी किया है।


## वित्तीय स्वास्थ्य सूचकांक में झारखंड आगे, पश्चिम बंगाल और केरल की हालत खराब

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड, ओड़िशा, छत्तीसगढ़ और गोवा ने नीति आयोग की पहली वित्तीय स्वास्थ्य सूचकांक रिपोर्ट में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले राज्यों में जगह बनायी है। शुक्रवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार इन राज्यों को अचीवर्स यानी सफल राज्यों की श्रेणी में रखा गया है। 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया द्वारा जारी यह रिपोर्ट 18 राज्यों के आकलन के आधार पर तैयार की गयी है, जो देश की जीडीपी, जनसंख्या और वित्तीय स्थिरता में प्रमुख योगदान देते हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि ओडिशा ने 67.8 के सबसे अधिक अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। राज्य ने कम वित्तीय घाटे, बेहतर ऋण प्रबंधन और पूंजीगत व्यय के मामले में मजबूत प्रदर्शन किया है। वहीं, पंजाब, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल और केरल को सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले राज्यों में शामिल किया गया है। इन राज्यों को राजस्व संग्रह, ऋण स्थिरता और व्यय की गुणवत्ता जैसे क्षेत्रों में गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, महाराष्ट्र, यूपी, तेलंगाना, मध्य प्रदेश और कर्नाटक को आकांक्षी श्रेणी में रखा गया है।




**उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा**
**समाज कल्याण शाखा, (बाल–संरक्षण)**

**आम सूचना**



बाल कल्याण समिति, कोडरमा के कार्यालय पत्रांक–27 / बा0क0स0, दिनांक–17.01.2025 के आलोक में गुमशुदा बालक अद्विक (समिति द्वारा नामांकरण), उम्र–02 माह 22 दिन, माता व पिता–नामालूम पता–नामालूम को दिनांक–26.10.2024 को वार्ड न. 02, न्यु कॉलोनी बागीटांड, कोडरमा स्थित पेड़ के पास एक अज्ञात महिला द्वारा नवजात शिशु को जन्म दिया गया। सदर अस्पताल कोडरमा में प्राथमिक चिकित्सा के पश्चात् उक्त नवजात शिशु को समिति द्वारा पालन व पोषण हेतु विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान, हजारीबाग में आवासीत कराया गया है।

बालक की विवरणी निम्नवत् है:–
बालक का नाम:–अद्विक (समिति द्वारा नामांकरण)
माता–नामालूम, पिता–नामालूम
पता–नामालूम, उम्र–02 माह 22 दिन, रंग–साँवला,वजन–3कि0ग्रा0,लम्बाई–1 फीट

अतः उक्त बालक के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई जानकारी हो अथवा बालक के जैविक माता–पिता /विधिक संरक्षक/अभिभावक दावा हेतु उचितसाक्ष्य के साथ बाल कल्याण समिति, कोडरमा/जिला बाल संरक्षण इकाई, समाहरणालय परिसर, कोडरमा झारखण्ड कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं।

संपर्क नं0:–
बाल कल्याण समिति, कोडरमा।
8340552130/9006640523/7061514121/7050720832/7717705479
जिला बाल संरक्षण इकाई, कोडरमा।
9234203438/9608145888/8210881013

ह0/–
जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, कोडरमा

PR 345091 Social Welfare,Women and Child Development(24-25)#D

## राष्ट्रपति ने डीसी अनन्य को लोकसभा और विधानसभा चुनाव के सफल संपादन के लिए किया सम्मानित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** जमशेदपुर के उपायुक्त अनन्य मित्तल को 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर नयी दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सम्मानित किया। यह सम्मान उपायुक्त अनन्य मित्तल को लोकसभा और विधानसभा चुनाव 2024 के सफल संपादन के लिए जेनरल कैटिगरी अवॉर्ड श्रेणी में दिया गया है।



बता दें कि बीते लोकसभा और विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के कारण चुनाव आयोग ने डीसी अनन्य मित्तल का चयन किया था। जानकारी हो कि इसके साथ ही झारखंड राज्य को बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट के लिए भी सम्मानित किया गया है।

**कार्यालय, प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल।**

–: आवश्यक सूचना :–

भारतीय वन अधिनियम 1927 (बिहार संशोधन अधिनियम 1989) की धारा–52 के अंतर्गत अधिहरण वादों की सूचना।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लातेहार वन प्रमण्डल, लातेहार अन्तर्गत जप्त वाहनों एवं जप्त वन पदार्थ से संबंधित विभिन्न वादों में सुनवाई हेतु निम्नवत तिथि निर्धारित की जाती है :–

| क्र0 स0 | अधिहरण वाद संख्या | वाद प्रारम्भ की तिथि | सुनवाई की तिथि | अभियुक्त का नाम | वाहन का प्रकार/वाहन संख्या | जप्त वन पदार्थ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 33/2023 | 14.07.2023 | 29.01.2025 | आरिफ अंसारी | Motorcycle Reg. No. JH-03A-9347 | कोयला लगभग 0.20 टन |
| 02 | 34/2023 | 23.09.2023 | 29.01.2025 | गंगा राम | Piaggio Tempu Reg. No. JH-08F-0615 | साल चौकठ 10 पीस |
| 03 | 07/2022 | 11.03.2022 | 29.01.2025 | करमा उरांव | JCB Reg. No. JH-02AL-3491, Engine No. HOO110684 | – |
| 04 | 16/2023 | 03.05.2023 | 05.02.2025 | अमीर | Motorcycle Reg. No. HR-27N-4276 | कोयला लगभग 03 टन |
| 05 | 21/2023 | 31.05.2023 | 05.02.2025 | हंसराज प्रसाद, पवन कुमार | Pickup Reg. No. JH-01T-0899 | साल चौकठ 12 पीस |
| 06 | 07/2024 | 07.05.2024 | 05.02.2025 | शंकर भुईयां | - | साल चौकठ चिरान 26 पीस |
| 07 | 12/2021 | 13.04.2021 | 05.02.2025 | मो0 अहमद | Tractor Engine No. 39.1355/SZD01931 | पत्थर 20 CFT |
| 08 | 19/2023 | 10.05.2023 | 05.02.2025 | रूपेश कुमार, उपेन्द्र कुमार | Pickup Van Reg. No. JH-01P-1314 | कोयला लगभग 100 CFT |
| 09 | 25/2023 | 02.06.2023 | 05.02.2025 | अरविन्द प्रसाद अनिल कुमार तुरी, मनोज उरांव | Motorcycle Reg. No. JH-03K-5301, JH-19D-5906, JH-19B-2933 | कोयला 750 किग्रा |
| 10 | 06/2024 | 07.05.2024 | 05.02.2025 | राजदेव उरांव, साधु उरांव | - | साल बल्ली 16 पीस |
| 11 | 02/2024 | 22.02.2024 | 05.02.2025 | गुमानी भुईयां, बलराम उरांव, राकेश यादव, मनोज यादव | - | आसन फल्ली 05 पीस |
| 12 | 35/2022 | 01.11.2022 | 19.02.2025 | मुकेश कुमार | Truck Reg. No. JH-02AF-1522 | कोयला लगभग 25.020 MT |
| 13 | 09/2024 | 25.05.2024 | 19.02.2025 | विजय कुमार साहु | Truck Reg. No. JH-02BM-4267 | कोयला लगभग 30 टन |
| 14 | 40/2023 | 01.12.2023 | 19.02.2025 | केश्वर सिंह, राजेश सिंह | - | सीधा बल्ली 15 पीस |
| 15 | 24/2023 | 31.05.2023 | 19.02.2025 | पवन कुमार | Motorcycle Reg. No. JH-01N-6823 | गम्हार पटरा 04 पीस |
| 16 | 10/2024 | 19.06.2024 | 19.02.2025 | कुन्दन कुमार भुईया, अमलेश कुमार, उपेन्द्र कुमार | - | करम बोटा 02 पीस, आरा 02 पीस, कुल्हाडी 01 पीस |
| 17 | 02/2023 | 10.01.2023 | 19.02.2025 | गुलजार अहमद | Truck Reg. No. JH-01BE-8398 | साल बोटा 81 पीस |
| 18 | 35/2023 | 11.10.2023 | 19.02.2025 | रविन्द्र साव | Tempu Reg. No.JH-19C-9160 | सेमल पटरा 25 पीस |
| 19 | 41/2023 | 05.12.2023 | 19.02.2025 | अवधेश यादव, संतोष यादव | - | करम चौकठ 10 पीस, करम बोटा 01 पीस, आरा 01 पीस |
| 20 | 29/2023 | 16.06.2023 | 19.02.2025 | सुमन्त कुमार, कमलेश यादव | Mahendra Tractor Reg. No. JH-08D-9761, Eng. No.RYNB00729 | साल बल्ली 31 पीस |
| 21 | 16/2024 | 29.11.2024 | 19.02.2025 | अक्लदेव सिंह, मिथिलेश यादव, अरविन्द सिंह | Mahendra Tractor Chassis No. MBNABAEXKLRD02248 | साल एवं चकुण्डी बल्ली 48 पीस |
| 22 | 37/2023 | 30.10.2023 | 19.02.2025 | लक्ष्मण यादव, नारायण भोक्ता | Tractor Reg. No. JH-19A-4416 | बालू 80 CFT |
| 23 | 14/2024 | 29.11.2024 | 19.02.2025 | उपेन्द्र उरांव | JCB Reg. No. JH-19A-4416 | |
| 24 | 15/2024 | 29.11.2024 | 19.02.2025 | महमूद अंसारी, बुधन गंझू | Tempu Reg. No. JH-08B-6914 | साल चौकठ 09 पीस |
| 25 | 13/2024 | 29.11.2024 | 19.02.2025 | प्रहलाद सिंह | Truck Reg. No. JH-19B-2277 | खैर टुकडा 945 पीस |
| 26 | 17/2024 | 29.11.2024 | 19.02.2025 | सुनील उरांव, आसिर अंसारी, अप्पु अंसारी | - | सेमल पटरा 55 पीस |
| 27 | 12/2019 | 20.06.2019 | 19.02.2025 | महेन्द्र गंझू, जगदीश साव, इन्द्रजीत कु0 सिंह | JCB Reg. No. JH-19A-9961, Tractor Reg. No. JH-13E-4825 | पत्थर लगभग 6000 टन |
| 28 | 06/2020 | 04.06.2020 | 19.02.2025 | हीरालाल महतो, मुकेश महतो, कृष्ण कु0 यादव, संजीव कु0 सिंह, सुजित कुमार | JCB Eng. No. 804545-731127948, Hywa Eng. No. GHPZ145035 | बालू 02 टन |
| 29 | 07/2020 | 04.06.2020 | 19.02.2025 | आशीष कु0 उपाध्याय | Truck Reg. No. JH-02V-4089 | कोयला लगभग 05 टन |
| 30 | 11/2018 | 14.03.2018 | 05.03.2025 | पुरन उरांव, बिनोद राम | Tractor Reg. No. JH-13B-6324, JH-11G-3304 | पत्थर लगभग 04 टन |
| 31 | 32/2023 | 12.07.2023 | 05.03.2025 | राकेश कु0 सिंह | Tractor Reg. No.JH-19C-3824 | केन्दू पत्ता 19 बोरा |
| 32 | 30/2023 | 20.06.2023 | 05.03.2025 | संजय सिंह, भोला साव | Tractor Reg. No. JH-13E-1915, JH-08D-0696 | पत्थर लगभग 06 टन |
| 33 | 22/2023 | 18.05.2023 | 05.03.2025 | कमला गंझू | Tractor Engine No. 331008/SDE02818, Chassis No. MBNAG4ACMTF73025 | कोयला लगभग 15 टन |
| 34 | 01/2024 | 18.01.2024 | 19.02.2025 | छोटू राय उर्फ गुड्डू राय | - | यूकेलिप्टस बोटा 19 पीस |

समाचार पत्र के माध्यम से उपर्युक्त अभियुक्तों को सूचित किया जाता है कि निर्धारित सुनवाई की तिथि को 11:00 बजे पर्वाहन में प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल के न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करेंगे, अन्यथा यह समझा जायेगा कि आपको इस विषय में कुछ नहीं कहना है तथा एकतरफा सुनवाई करते हुए जप्त वाहन एवं वन पदार्थ को सरकार के पक्ष में अधिहरित कर लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल।

PR.NO.345093 Forest, Environment and Climate Changes(24-25):D

## झारखंड के मत्स्य कृषक गणतंत्र दिवस में शामिल होने दिल्ली गये




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** नयी दिल्ली के कर्तव्य पथ पर 26 जनवरी, 2025 को आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में झारखंड के मत्स्य कृषक भी लागातार दूसरी बार शामिल होंगे। इसके लिए मत्स्य निदेशालय, झारखंड की ओर से प्रदेश के 06 मत्स्य कृषक दंपतियों का चयन किया गया है। केंद्र सरकार की ओर से इन मत्स्य कृषकों दंपतियों को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है।

इन्हें हवाई मार्ग से नयी दिल्ली ले जाया जा रहा है। दिल्ली आने-जाने, उनके रहने व खाने की व्यवस्था राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड (एनएफडीबी) के सौजन्य से मत्स्य निदेशालय, झारखंड के माध्यम से की गयी है। इस संबंध में मत्स्य निदेशालय, झारखंड के निदेशक मत्स्य डॉ एच एन द्विवेदी ने बताया कि मत्स्य कृषकों दंपतियों को भारत सरकार की मात्स्यिकी, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय द्वारा विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में मनोनीत किया गया है। टीम का नेतृत्व संजय कुमार गुप्ता, उप मत्स्य निदेशक, मत्स्य निदेशालय एवं रेवती हांसदा, सहायक मत्स्य निदेशक करेंगे। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि लागातार दूसरी बार राज्य के विभिन्न जिलों से मत्स्य कृषकों दंपतियां दिल्ली के कर्तव्य पथ पर झांकी में भाग लेने हेतु जा रहे हैं। मत्स्य कृषकों दंपतियां 25 जनवरी को नयी दिल्ली के लिए रवाना हुए तथा यात्रा संपन्न करने के बाद 27 जनवरी को वापस लौटेंगे। हवाई जहाज से दिल्ली यात्रा को लेकर सभी मत्स्य कृषक सपरिवार उत्साहित है। गौरतलब है कि मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान और प्रधानमंत्री मत्स्य सपंदा योजना के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि करने वाले मत्स्य कृषकों कों गणतत्र दिवस में शामिल करने हेतु आमंत्रित किया गया है। डॉ एचएन द्विवेदी, निदेशक मत्स्य द्वारा नयी दिल्ली रवाना करने के क्रम में उपस्थित मत्स्य दंपतियों को संबोधित किया एवं शुभकामना दी गयी। मत्स्य कृषकों में विनोद तिग्गा, रांची, रोबोय मुर्मू, दुमका, रेखा कैवर्त, सरायकेला खरसावं, सुरेश भुईयां, रामगढ़, स्वपन कैवर्त, पूर्वी सिंहभूम, प्रेमचांद निषाद, पश्चिमी सिंहभूम सपरिवार दिल्ली जाने के लिए शनिवार को 2:50 अपराह्न की फ्लाइट से बिरसा मुंडा एयरपोर्ट, रांची से रवाना हुए।

> **केंद्र सरकार की ओर से इन मत्स्य कृषकों दंपतियों को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है**

**76वां गणतंत्र दिवस: 26 जनवरी, 2025**

भारत सरकार
**केन्द्रीय मनश्चिकित्सा संस्थान**
कांके, राँची,–834006, झारखण्ड, भारत
दूरभाष: 0651–2450822, 2451115, 2450448
सत्यमेव जयते
RANCHI

**24 घंटे आकस्मिक सेवा उपलब्ध**

**सी.आई.पी. में उपलब्ध सेवाओं/सुविधाओं का विवरण**
**निदेशक, सी.आई.पी. द्वारा जनहित में जारी**

**बाह्यरोगी सुविधाएं/सेवाएं**
- प्रतिदिन निःशुल्क बाह्यरोगी सेवाएं
- निरीक्षण/ऑकस्मिक सेवा वार्ड
- अलग व्यस्क एवं बाल बाह्य रोग विभाग
- साइकोसोशल विभाग
- कैन्टीन एवं जनउपयोगी सेवाएं
- ऑन लाईन रजिस्ट्रेशन (ओ.आर.एस.)
- **टेली परामर्श व्हाट्सअप संख्या** : 9334915057 कृपया व्हाट्सअप पर डॉक्टर के पर्चे की फोटो भेजें (कृपया वेबसाइट पर अधिक विवरण देखें)
- **टेली–मनोचिकित्सा संख्या** : 9334915052
- **दूरभाष संख्या** (सामान्य सूचना): 0651–2451115, 0651–2451116, 0651–2451119
- विडियो परामर्श: अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट देखें।
- **टेली–मानस सेवा:** निःशुल्क 24X7 मानसिक स्वास्थ्य परामर्श/काउंसलिंग। टोल फ्री नंबर : 14416 या 1800–89–14416

**टेली मानस को कॉल करें :**
- उदासी, चिड़चिड़ापन या निराशा।
- परीक्षा के तनाव से गुजर रहे हैं।
- आम नींद की समस्या से परेशान हैं।

जब आपको जीवन से हार मानने का मन हो, तो याद रखें सहायता केवल एक कॉल की दूरी पर है–14416

**विशेष क्लीनिक**
- सोमवार: मूड एवं न्यूरोलॉजी
- मंगलवार: निद्रा रोग
- बुधवार: क्रॉनिक सिजोफ्रीनिया, सेक्स, चर्मरोग, धूम्रपान निरोधक, नशाविमुक्ति, मैटाबॉलिक रोग
- गुरूवार: मिरगी एवं मूवमेंट डिसऑर्डर
- शुक्रवार: वृद्धावस्था संबंधित रोग
- शनिवार: सिरदर्द रोग, धूम्रपान निरोधक, नशाविमुक्ति, मेटाबॉलिक रोग
- प्रतिदिन: बाल मनोचिकित्सा, ओ.सी.डी. एवं व्यक्तित्व विकास

**अंतर्वासीय रोगीयों के लिए सुविधाएं**
- सभी बेड शुल्क के साथ
- उच्च वर्ग के लिए विशेष वार्ड
- महिलाओं के लिए अलग वार्ड
- परिवार के लिए कॉटेज की सुविधा

**बाल एवं किशोरावस्था संबंधित मानसिक रोग**
- मरीज परिजनों के साथ भरती किए जाते हैं।

**नशाविमुक्ति केन्द्र व विभाग**
- डीटोक्सीफिकेशन एवं पुर्नवास
- शराब व नशाविमुक्ति के लिए उच्चतकनीकी इकाई

**व्यावसायिक चिकित्सा विभाग**
- पुनर्वास/शेल्टर्ड कार्यशाला
- पुनर्निवेशन मनश्चिकित्सा
- शारीरिक पुर्नवास
- टोकन इकॉनोमी

**सामुदायिक पहुँच कार्यक्रम**
- वेस्ट बोकारो (घाटो)
- हजारीबाग
- चन्दनक्यारी, बोकारो
- विद्यालय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम

**सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम**
- राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक अखबारों में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता संबंधी विवरण
- कार्यशालाओं का आयोजन
- सी.आई.पी. वेबसाइट पर मानसिक बिमारियों संबंधित लेख

**स्नातकोत्तर शिक्षण**
- एम.डी. (मनोचिकित्सा) एवं डी.पी.एम.
- पी.एच.डी. एवं एम.फिल. (नैदानिक मनोविज्ञान)
- एम.फिल. (साईक्याट्रीक सोशल वर्क)
- साईक्याट्रीक नर्सिंग में डिप्लोमा

**पैथोलॉजी एवं बॉयोकेमिस्ट्री विभाग**
- हीमेटोलॉजी व बायोकेमिस्ट्री ऑटो एनालाइजर
- एच.पी.एल.सी. एवं थिन लेअर क्रोमेटोग्राफी
- मल्टीफन्कशनल एलिजा रीडर एवं आइन–स्पेस्फिक ऐसे सिस्टम
- बेक्टेक यूनिक
- केमी ल्यूमिसेंस ऐसे
- –80 डिग्री फ्रीजर

**कार्डियोफिजियोलॉजी विभाग**
- कम्प्यूटीकृत ई.सी.जी.
- ट्रेडमिल टेस्ट

**सेन्टर फॉर कोग्निटिव न्यूरोसाइंसेज**
- नैदानिक एवं विडियो ई.ई.जी. (32–64 चैनल) एवं ई.सी.जी.
- कम्प्यूटीकृत उच्च वर्गीय ई.ई.जी (64–, 128–, 192–, 256–चैनल)
- कोगनेटिव इवेंट रिलेटेड/इवोक्ड पोटेंशियल (40–, 128– चैनल)
- देश की सबसे विकसित ट्रांसक्रेनियल मैग्नेटिक और डाइरेक्ट करंट स्टिमुलेशन लैब
- निद्रा प्रयोगशाला
- टी.एम.एस. – ई.ई.जी. सुविधा
- क्वाड्री पल्स स्टीमूलेशन

**सेन्टर फॉर न्यूरोईमेजिंग एवं रेडियोलॉजिकल साइंसेज**
- नैदानिक एक्सरे एवं अल्ट्रासाउंड
- क्रेनियल एवं कलर डॉप्लर
- मल्टीस्लाइस सी.टी. स्कैन (पूरे शरीर का)
- 3टी एफ.एम.आर.आई.

**उच्च तकनीकी कम्प्यूटर विभाग**
- सम्पूर्ण संस्थान का कम्प्यूटरीकरण एवं वाई–फाई की सुविधा
- वेबसाइट

**पुस्तकालय**
- मेडिकल लाईब्रेरी एवं मरीजों के लिए वाचनालय एवं पुस्तकालय (हमारे यहाँ 80,000 से अधिक पुस्तकें एवं जर्नल का संग्रह है)
- आनलाईन लिट्रेचर सर्च / RFID आधारित तकनीक
- स्वचालित पुस्तक सर्कुलेशन सिस्टम

**बाहर के मरीजों के लिए भी सरकारी दर पर जाँच की सुविधा उपलब्ध है।**

क्या आप किसी मनोवैज्ञानिक समस्या से ग्रस्त हैं ?
यदि हाँ, तो मदद के लिए कृप्या सी.आई.पी. हेल्पलाइन पर संपर्क करें।
TOLL-FREE NO. 1800-345-1849 (24X7), सी.आई.पी. हेल्पलाईन नं. : 0651-2451116 (24X7)
ई–मेल : director@cipranchi.nic.in, वेबसाईट : www.cipranchi.nic.in

# झारखंड में फिर बढ़ेगी ठंड, 3 से 5 डिग्री तक लुढ़केगा तापमान

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड में ठंड की वापसी हो रही है और अगले कुछ दिनों तक तापमान में गिरावट आने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि राज्य के अलग-अलग हिस्सों में तापमान में कमी आयेगी, जिससे ठंड बढ़ेगी। मौसम विभाग के अनुसार, 25 जनवरी को राज्य के उत्तरी इलाकों में न्यूनतम तापमान में 3 से 5 डिग्री तक की कमी आ सकती है। इससे ठंडी हवा चलने की संभावना है, और मौसम में बदलाव होगा। 26 जनवरी को भी मौसम में बदलाव के आसार हैं। रांची, हजारीबाग, गुमला, खूंटी, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, बोकारो और सिमडेगा में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस की कमी देखी जा सकती है। पूरे झारखंड में मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा, जिसमें सुबह में कोहरा और आकाश में बादल छाये रहेंगे। रात में ठंड ज्यादा लग सकती है।

मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया है कि 'फिलहाल बारिश के कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं। कोई संकेत भी नहीं हैं। न्यूनतम तापमान में कमी आने पर ठंड की वापसी होगी।' इधर बीते 24 घंटे में सबसे अधिक तापमान 27.6 डिग्री सेल्सियस और सबसे कम तापमान 13.8 डिग्री सेल्सियस रहा। राज्य में सबसे कम तापमान चतरा का 9.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। भारतीय मौसम विज्ञान केंद्र रांची के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में कई जिलों का न्यूनतम तापमान 15 डिग्री तक पहुंच गया था। इससे ठंड से राहत मिली थी। इसमें उतार-चढ़ाव जारी है।

पिछले 24 घंटे में पलामू का अधिकतम तापमान 6.9 डिग्री गिरकर 22.4 डिग्री पर पहुंच गया था। अगले दो दिनों में मौसम में जो बदलाव के संकेत मिल रहे हैं, उसके मुताबिक राज्यभर में तापमान में पांच डिग्री तक गिरावट आने की संभावना है। जिलों के मिनिमम टेंपरेचर की बात करें तो बीते 24 घंटे में रांची में -1.6, जमशेदपुर में -0.2, बोकारो में 0.3, चतरा में -1.4, देवघर में -2.4, धनबाद में -0.5, गढ़वा में -1.9 और गुमला में -2.8 डिग्री सेल्सियस का अंतर आया है।

# 3 फरवरी को धूमधाम से मनेगी वसंत पंचमी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** माघ माह शुक्ल पक्ष की पंचमी तीन फरवरी को है। इसी दिन बसंत पंचमी का पर्व मनाया जायेगा। इस दिन से ही बसंत ऋतु का आगमन हो जायेगा। पंचांग के अनुसार बसंत पंचमी दो फरवरी को दोपहर 2.48 बजे से शुरू हो जायेगी। पंचमी तिथि का समापन तीन फरवरी को शाम में होगा। उदयातिथि के कारण पंचमी का त्योहार तीन को मनाया जायेगा। इस दिन विद्या की देवी माता सरस्वती की विशेष पूजा की जायेगी। शुभ मुहूर्त तीन फरवरी की सुबह 7.06 बजे से लेकर दोपहर 12.34 बजे तक रहेगा। इसके बाद 1.10 बजे से शाम 5.40 बजे तक पूजा की जायेगी।



पंडित मनोज पांडेय ने शनिवार को बताया कि मां सरस्वती की पूजा के लिए पांच शुभ योगों का निर्माण हो रहा है। साध्य योग, लक्ष्मी नारायण योग, बुधादित्य योग और सिद्ध योग। ये पांच योग बहुत ही शुभ और फलदायी है। इस योग में किये जाने वाले हर एक कार्य सिद्ध होते हैं। विवाह के लिए भी अति शुभ है। पूरे दिन चंद्र शुक्र का युति गुरुदीक्षा और विद्यारंभ मुहूर्त रहेगा। इस दिन संध्या और रात्रि तीनों पहर विवाह का लग्न है। उन्होंने बताया कि यह दिन शिक्षा ग्रहण और सिद्धि साधना के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस शुभ संयोग में विद्या आरंभ, गृह प्रवेश, विवाह, नई वस्तु और वाहन खरीदना अति शुभ माना गया है। माता सरस्वती को सर्वगुण संपत्र माना गया है।

# एसटी आयोग ने संताल में घुसपैठ पर तैयार की किताब

## साहिबगंज और पाकुड़ पर दिया गया विशेष ध्यान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दिल्ली में शुक्रवार को राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोर मकवाना को आयोग की सदस्य आशा लकड़ा ने झारखंड के संताल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठ से संबंधित रिपोर्ट पर आधारित एक पुस्तक भेंट की। आशा लकड़ा ने इस रिपोर्ट की पुष्टि करते हुए कहा कि यह किताब झारखंड के संथाल परगना क्षेत्र में बांग्लादेशी घुसपैठ के प्रभाव और जनसांख्यिकी परिवर्तन पर आधारित है।



**आशा लकड़ा ने दी जानकारी :** इस मौके पर आशा लकड़ा ने जानकारी दी कि इस किताब में रोटी, बेटी और माटी की सुरक्षा के मुद्दे के साथ-साथ संताल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठ से आदिवासी समाज पर पड़ने वाले प्रभावों का उल्लेख किया गया है। आशा लकड़ा ने यह भी बताया है कि यह रिपोर्ट झारखंड सरकार को पहले ही भेजी जा चुकी है। आयोग की सदस्य ने यह स्पष्ट किया है कि आयोग का उद्देश्य आदिवासी समाज की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा करना है। यही कारण है कि संताल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठ के विषय पर किताब तैयार की गई है।

**किताब में क्या बताया गया है :** मीडिया रिपोर्ट्स से जानकारी मिली है कि किताब में बांग्लादेशी घुसपैठ के कारण संताल परगना की जनसांख्यिकी में व्यापक बदलाव के बारे में बताया गया है। इस किताब में खासकर साहिबगंज और पाकुड़ जिलों में 1971 के बाद घुसपैठ करने वाले बांग्लादेशियों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। इसके अलावा घुसपैठ की प्रक्रिया अभी भी जारी है, जिसके आंकड़े लगातार बदल रहे हैं। किताब में कई ऐसे साक्ष्य प्रस्तुत किये गये हैं, जो बांग्लादेशी घुसपैठ की पुष्टि करते हैं।

रिपोर्ट में यह भी खुलासा हुआ है कि घुसपैठिए आदिवासी युवतियों को अपने जाल में फंसाते हैं। उन्हें शादी करने के लिए मजबूर करते हैं। इसके साथ ही आदिवासियों की जमीनों पर कब्जा करने के लिए दानपत्रों का भी जिक्र किया गया है।









# एचइसी यूनियन के प्रतिनिधियों ने मंत्री दीपिका पांडेय से लगायी मदद की गुहार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** शनिवार को एचइसी, रांची के तीनों यूनियन के पदाधिकारियों, प्रतिनिधियों ने मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से मुलाकात की। इस दौरान एचइसी की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया।

कहा कि झारखंड सरकार मदद के लिए आगे आये। एचएमटीपी बिल्डिंग का जो एनओसी राज्य सरकार के पास रुका हुआ है, उसे जल्द से जल्द देने की कोशिश हो। इस पर मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल की मांगों को सुना एवं उच्च स्तर पर उनकी मांगों को रखने हेतु आश्वस्त किया। मंत्री से मिलने वालों में एचइसी लिमिटेड श्रमिक कर्मचारी



यूनियन के महामंत्री प्रकाश कुमार, एचइसी श्रमिक संघ के अध्यक्ष शनि सिंह, जनता मजदूर यूनियन के महामंत्री एस जे मुखर्जी, रामलाल सिंह, राजेश सिंह समेत अन्य भी शामिल थे।

# चेशायर होम रोड के जमीन फर्जीवाड़े मामले में ट्रायल में देरी से हाइकोर्ट नाराज

**मो अफसर अली के जमानत के दो मामलों में कोर्ट ने इडी से मांगा जवाब**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने बरियातू के चेशायर होम रोड के एक एकड़ जमीन फर्जीवाड़े मामले में आरोपी मोहम्मद अफसर अली की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान ट्रायल की धीमी गति पर कोर्ट ने असंतुष्टि जतायी है।

कोर्ट ने इडी से ट्रायल में देरी का कारण पूछा है, इससे पहले प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि प्रार्थी 14 अप्रैल 2023 से न्यायिक हिरासत में जेल में है, मामले में भी अभी आरोप गठित नहीं हुआ है। इस मामले में इडी ने इसीआइआर 5 /2023 दर्ज किया है।

कोर्ट ने इडी को जवाब दाखिल करने का समय देते हुए मामले के अगली सुनवाई 7 फरवरी निर्धारित की है। वहीं बरियातू स्थित 4.55 एकड़ सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद-बिक्री मामले में आरोपी मोहम्मद अफसर अली की ओर से दायर जमानत याचिका की भी सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने इडी को जवाब दाखिल करने के लिए 3 सप्ताह का समय दिया है।









# रांची और पुरी के बीच चलेगी वंदे भारत एक्सप्रेस

## जयपुर के लिए भी होगा नयी ट्रेन का परिचालन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के रेल यात्रियों के लिए एक खुशखबरी है। रांची से 2 नयी ट्रेनों की शुरूआत होने वाली है, जिनमें से एक वंदे भारत एक्सप्रेस होगी। यह वंदे भारत एक्सप्रेस रांची से भगवान जगन्नाथ की नगरी पुरी के लिए चलेगी। इसके अलावा रांची से जयपुर के लिए भी अब एक सीधी ट्रेन चलने वाली है। इसके लिए दक्षिण-पूर्व रेलवे ने रेलवे बोर्ड को प्रस्ताव भेजा है। इसके संबंध में दक्षिण-पूर्व रेलवे के एक अधिकारी ने जानकारी दी कि रांची से मदार जंक्शन तक अक्टूबर से दिसंबर 2024 तक चलने वाली स्पेशल ट्रेन पूरी तरह सफल रही थी। इस ट्रेन में यात्रियों की संख्या भी काफी ज्यादा रही, जिससे रेलवे को यह विश्वास हुआ कि इस ट्रेन को फिर से चलाना सही रहेगा। इसी सफलता के आधार पर रेलवे बोर्ड को रांची-पुरी वंदे भारत चेयरकार ट्रेन चलाने का प्रस्ताव पहले ही भेजा जा चुका है। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन भारतीय रेलवे की अत्याधुनिक और आरामदायक ट्रेन है, जो लंबी दूरी की यात्रा को सुविधाजनक और आरामदायक बनाती है। फिलहाल, रांची से पटना, कोलकाता और बनारस के लिए वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं। अब रांची से पुरी के लिए भी इस आधुनिक ट्रेन का संचालन जल्द ही शुरू होगा। इसके साथ ही स्लीपर वंदे भारत ट्रेनों के निर्माण का काम भी अंतिम चरण में है। इससे यात्रियों को और भी बेहतर सुविधा मिलने की उम्मीद है।

**देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें**
www.azadsipahi.in




# रांची डीसी ने वरीय पदाधिकारियों और कर्मचारियों को मतदाता जागरूकता के तहत दिलायी शपथ




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के समाहरणालय ब्लॉक-ए के सभागार में राष्ट्रीय मतदान दिवस-2025 के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा एक विशेष आयोजन किया गया। रांची उपायुक्त मंजुनाथ भंजत्री ने शनिवार को जिला के सभी वरीय पदाधिकारियों और कर्मचारियों के साथ मतदाता प्रतिज्ञा ली। जिसमें सभी ने अपने कर्तव्यों को निभाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में लोकसभा और विधानसभा चुनाव 2024 के दौरान बेहतरीन कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। रांची जिला प्रशासन द्वारा इन कर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनकी मेहनत और समर्पण की सराहना की गयी। यह पुरस्कार उन कर्मचारियों को दिया गया जिन्होंने चुनाव प्रक्रिया को सुव्यवस्थित और निष्पक्ष बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने मतदान के महत्व पर जोर दिया और इसे सिर्फ एक अधिकार नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी भी बताया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक का मतदान राष्ट्र और राज्य के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान है। इस अवसर पर सभी उपस्थित व्यक्तियों ने यह संकल्प लिया कि वे आगामी चुनावों में पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अपना मतदान करेंगे। राष्ट्रीय मतदान दिवस का यह आयोजन लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सशक्त बनाने की दिशा में एक कदम और बढ़ाया गया है।

## लातेहार डीसी और डीएसइ हाइकोर्ट में हुए हाजिर, कहा- आदेश का अनुपालन किया जायेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रोन्नति से जुड़े अवमानना याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट के आदेश के आलोक में लातेहार डीसी एवं डिस्ट्रिक्ट सुपरिटेंडेंट ऑफ एजुकेशन (डीएसइ) लातेहार कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। उनकी ओर से कोर्ट से 2 सप्ताह का समय मांगते हुए कहा गया कि प्रार्थियों को प्रोन्नति दे दी जायेगी, वरीयता सूची का अनुमोदन हो रहा है 29 जनवरी को अनुमोदन को जाने की उम्मीद है। इसके बाद स्थापना समिति में इसे रखा जायेगा, 10 फरवरी तक प्रोन्नति देने की प्रक्रिया पूरी की जायेगी। जिस पर कोर्ट ने उक्त दोनों अधिकारियों को कोर्ट के आदेश का अनुपालन कर शपथ में पत्र के माध्यम से इसे कोर्ट को अवगत कराने को कहा है। अगली सुनवाई 21 फरवरी को होगी। दरअसल पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कई बार समय दिये जाने के बाद भी आदेश का अनुपालन नहीं होने पर नाराजगी जताते हुए लातेहार डीसी और डीएसइ को तलब किया था।




## गणतंत्र दिवस की तैयारी पूरी, 1000 पुलिसकर्मी रहेंगे तैनात

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड में 26 जनवरी यानी गणतंत्र दिवस की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। इसे लेकर रांची में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। इस खास दिन को लेकर राजधानी में पुलिस प्रशासन ने 1000 पुलिसकर्मियों को तैनात किया है, जिसमें रैफ, जैप, जेआइआरबी, जिला पुलिस बल और अन्य पुलिसकर्मी शामिल हैं। इस दौरान पुलिस मुख्यालय ने विधायकों और मंत्रियों की सुरक्षा को लेकर अलर्ट जारी किया है। साथ ही सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों (एसपी) को सतर्क रहने की हिदायत दी है। पुलिस ने रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और एयरपोर्ट पर भी सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के निर्देश दिये हैं।

**राज्यपाल करेंगे ध्वजारोहण :** जानकारी हो कि गणतंत्र दिवस समारोह की मुख्य तैयारी मोरहाबादी मैदान में हो रही है। यहां सुबह 9:00 बजे झंडा फहराया जायेगा। यहां राज्यपाल संतोष गंगवार ध्वजारोहण करेंगे। इस दौरान सुरक्षा के मद्देनजर रांची के ट्रैफिक में भी बदलाव किया गया है। बताया जा रहा है कि बड़े वाहनों को सुबह 6:00 बजे से लेकर रात 10:00 बजे तक शहर में प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी। ड्रोन से होगी इलाके की निगरानी

इस दौरान मोरहाबादी मैदान और आसपास की सुरक्षा के लिए ड्रोन से निगरानी की जायेगी। इसके साथ ही वज्र वाहन और वाटर कैनन की तैनाती की गयी है। बता दें कि गणतंत्र दिवस समारोह में स्पेशल ब्रांच के सादे लिबास में पुलिसकर्मी भी संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखेंगे। थाना प्रभारियों को भी गश्त तेज करने का आदेश दिया गया है, ताकि किसी भी असामाजिक तत्व को मौके पर पकड़ा जा सके।





## जीते जी मानदेय की करता रहा मांग, मरने के बाद विभाग ने दिया पैसा



**गोड्डा (आजाद सिपाही)।** गोड्डा के बाल संरक्षण पदाधिकारी रितेश कुमार की शुक्रवार को निधन हो गया। उनकी मौत हार्ट अटैक से हो गयी। उनकी मौत के बाद महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग ने पिछले 8 माह से बंद उनका मानदेय जारी करने का आदेश दे दिया। जबकि, इससे पहले रितेश मानदेय के लिए कई बार विभाग को पत्र लिख चुके थे। दरअसल विभाग ने शत प्रतिशत राशि खर्च नहीं करने के आरोप में उनका मानदेय बंद कर दिया था। रितेश ने विभाग के वरीय अधिकारियों को कई बार सूचना दी थी कि उनके पास वित्तीय अधिकार नहीं हैं, ऐसे में राशि खर्च नहीं करने का आरोप सही नहीं है। उनके मानदेय भुगतान का आदेश दिया जाये, पर विभाग ने कार्रवाई नहीं की। इस बीच, रितेश की गले की बीमारी गंभीर होती गयी। पैसे के अभाव में वे इलाज नहीं करा पाये और शुक्रवार को हार्ट अटैक से उनका निधन हो गया। इसके बाद आनन-फानन में विभाग में फाइल दौड़ी। उप सचिव विकास कुमार ने गोड्डा डीसी को भेजे पत्र में कहा कि रितेश कुमार का बंद मानदेय बहाल करने की स्वीकृति दी जाती है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in






# चुनाव में अच्छा काम करने वाले बीएलओ को बीडीओ ने किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**टाटीझरिया।** प्रखंड कार्यालय में मतदाता दिवस के अवसर पर शनिवार को लोकसभा एवं विधानसभा में बीएलओ के रूप मे अच्छे कार्य करने पर टाटीझरिया प्रखंड विकास पदाधिकारी रेश्मि खुशबु मिंज के द्वारा बीएलओ सरिता देवी, रीता देवी को प्रशस्ति पत्र एवं गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। इस दौरान बीडीओ ने कहा कि चुनाव में टाटीझरिया के बीएलओ ने अच्छा कार्य किया है। सम्मानित होने वाले बीएलओ ने बताया कि अपने काम को करते हुए सम्मान पाना एक अभूतपूर्व अनुभव है।

# लोहरदगा में दो दिवसीय सालाना उर्स मुबारक शुरू



**जिला प्रशासन ने बाबा के मजार पर चादरपोशी कर अमन चैन की दुआ मांगी**

आजाद सिपाही संवाददाता


**लोहरदगा।** लोहरदगा में दो दिवसीय सालाना उर्स के 100 वॉ वर्षगांठ पर लोहरदगा जिला प्रशासन की ओर से चादरपोशी की गई। हजरत बाबा दुःखनशाह के मजार पर डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, एसपी हारिस बिन जमां के साथ पुलिस के आलाधिकारियों ने सदर थाना से पहली चादरपोशी किया। मौके पर अंजुमन के पदाधिकारी ने भी चादरपोशी किया। उसके बाद शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से लोग बाबा के मजार पर चादरपोशी के लिए पहुंच रहे थे। वहीं जामा मस्जिद परिसर में स्थित मजार पर नमाजे फजर से पहले, गुसल सैंडल के बाद नमाजे फजर को कुरान चादरपोशी की गयी। वर्षो से चली आ रही परंपरा के अनुरूप पुलिस प्रशासन की ओर से डीसी और एसपी ने बाबा के मजार पर सबसे पहले चादरपोशी कर जिले में अमन चैन की दुआ मांगी।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने उपस्थित सभी जिला स्तरीय वरीय अधिकारियों, अधिकारियों एवं कर्मियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के तहत मतदाता जागरूकता शपथ दिलायी। जिसके उपरांत जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के द्वारा ग्रासरूट लेवल पर कार्य कर त्रुटि रहित मतदाता सूची के निर्माण में बेहतरीन कार्य करने वाली बीएलओ यशोदा देवी, कौशल्या देवी, राधा देवी, भुवनेश्वरी देवी, सरिता देवी, नलिनी महतो, इशरत जहां, राजो देवी, मीना देवी, राजमंती देवी, धानकुमारी देवी एवं रूपा सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान रामगढ़ जिला अंतर्गत सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर के रूप में कार्य कर रही गौरी कुमारी, रूपेश महतो, रिंकी पटेल, रंजीत कुमार को सम्मानित किया गया वहीं नए मतदाताओं में खुशबू कुमारी, महिमा सिंह एवं दिव्या कुमारी को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के द्वारा मतदाता पहचान पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, उपनिर्वाचन पदाधिकारी, जिला स्तरीय वरीय अधिकारियों, अधिकारियों कर्मियों सहित अन्य उपस्थित थे।




# विजन पब्लिक स्कूल में 15 फरवरी तक लड़कियों का नि:शुल्क नामांकन

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरकट्ठा।** विजन पब्लिक स्कूल बेडोकला में सरस्वती पूजा में निःशुल्क नामांकन किया जायेगा। इस बात की जानकारी देते हुए विद्यालय के निदेशक संजय पंडित/ फिरोज खान ने बताया कि सीबीएसई पैटर्न स्कूल में सत्र 2025-2026 में वैसे व्यक्ति जो अपने बच्चों को इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ाने में असमर्थ है तथा आर्थिक रूप से गरीब है, उसे विशेष रूप से छूट दी जाती है। वही फिरोज खान ने बताया कि लड़कियों के लिए 15 फरवरी तक नामांकन निशुल्क रहेगा, नामांकन प्रभारी रवि कुमार रंजन ने कहा कि सरस्वती पूजा के दिन 2 फरवरी को विद्यालय में नर्सरी से नवम वर्ग तक नामांकन ली जायेगी।





# सीबीएन स्कूल गणतंत्र दिवस के अवसर पर निकाली झांकी



आजाद सिपाही संवाददाता

**कैरो।** शनिवार को हर्ष उल्लास के साथ सीबीएन पब्लिक स्कूल के तरफ से भव्य झांकी गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर निकाला गया। यह झांकी उतका मुख्य मार्ग होते हुए कैरो शहर एवं थाना परिसर होते हुए वापस आये, जिसमें महात्मा गांधी भारत माता जैसे तरह-तरह के रूप दिया गया था। जिसके अहम भूमिका निभाते सीबीएन के निर्देशक विपिन कुमार सिंह, प्रधानाचार्य सुमेर कुमार सिंह, सहायक शिक्षक अशोक कुमार सिंह, कोमल कुमारी, सोनम कुमारी, गुप्ता तामसी, परवीन, फ्रांसिस मिंज, रितु सिंह, शिल्पा सिंह, ड्राइवर हारून रशीद, अजय मोहाली तथा गायत्री उरांव ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। यह कार्यक्रम 25 जनवरी 2025 का गणतंत्र दिवस का झांकी था। आज सीबीएन पब्लिक स्कूल में 26 जनवरी 2025 को बच्चों के द्वारा अपनी-अपनी कला को प्रस्तुत किया जायेगा। आप सभी इस पर भाग ले सकते हैं।






# मैराथन दौड़ में अविनाश देव ने की शिरकत

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** भारतीय गणतंत्र दिवस के पूर्व संध्या पर आर्ट ऑफ गिविंग और पलामू वॉलीबॉल संघ के द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल के जागरूकता को लेकर एक मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। दौड़ में संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने स्कूली बच्चों के साथ शामिल हुए। संघ के अध्यक्ष दुर्गा जौहरी टी शर्ट देकर सुसज्जित किया और प्रोविजनल आईएएस राकेश कुमार सिंह हरि झंडी दिखा कर मैराथन दौड़ को रवाना किया। मैराथन प्रारंभ होने से पूर्व श्री देव ने कहा कि कल हमारा गण के तंत्र लागू हुए पचहत्तर साल पूरा हो रहा है। आजादी के बाद हमारा देश शिक्षा स्वास्थ्य और खेल में भी दुनिया में नाम कमाया। कोरोना वैक्सीन, क्रिकेट के भगवान तेंदुलकर, शतरंज के डोमाराजू गुकेश, सलीमां टेटे, छात्र नेता कन्हैया कुमार इसका उदाहरण है। मैराथन दौड़ में संत मरियम विद्यालय के बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और उत्साह दिखाया। इस मौके पर दुर्गा जौहरी, मनीष मिश्रा, बृजेश शुक्ला, शहर थाना प्रभारी, ट्रैफिक इंचार्ज श्यामल अहमद, नवीन तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।






# हजारीबाग के प्रथम सांसद बाबू राम नारायण सिंह को मिले भारत रत्न : डॉ अमरदीप यादव

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हजारीबाग।** आजादी के अमृत महोत्सव, राष्ट्रीय मतदाता दिवस और गणतंत्र दिवस की पूर्व भाजपा ओबीसी मोर्चा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष डॉ अमरदीप यादव और राम नारायण सिंह के पौत्र डॉ प्रमोद कुमार सिंह ने हजारीबाग के प्रथम सांसद बाबू रामनारायण सिंह को भारत रत्न देने की मांग पत्र के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से किया है।

पत्र में उनकी संक्षिप्त जीवनी लिखते हुए उन्होंने जिक्र किया है कि बाबूराम नारायण सिंह (जन्म 19 दिसंबर 1885 तेतरिया हंटरगंज चतरा, मृत्यु 24 जून 1964, चतरा) प्रथम सांसद थे जिन्होंने संसद के अंदर अलग झारखंड राज्य की मांग की थी। वो एक स्वतंत्रता सेनानी, प्रसिद्ध अधिवक्ता, समाज सुधारक थे जिन्होंने जिला बंदोबस्त पदाधिकारी से वीआरएस लिया था। 1924 में वह जिला परिषद उपाध्यक्ष, 1927 से 47 तक केंद्रीय विधान परिषद एवं केंद्रीय विधानसभा के सदस्य रहे। 1950 से 1952 अंतरिम संसद सदस्य मनोनीत किये गये। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान 8 बार 10 वर्षों तक हजारीबाग, चतरा, भागलपुर और मथुरा जेल में रहे। बाबू रामनारायण सिंह ने अपनी पुस्तक 'स्वराज लूट गया' में प्रधानमंत्री को प्रधान सेवक, नौकरशाह को लोक सेवक और मंत्रिमंडल को सेवक मंडल करने का विचार दिया है। उन्हें छोटानागपुर केशरी और छोटानागपुर का शेर कहा जाता है। उन्होंने 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा में गौ हत्या पर पाबंदी की मांग किया, धारा 48 में गोवंशीय पशुओं का परिरक्षण, संवर्धन, सुधार और उनकी हत्या पर प्रतिबंध लगाने का मांग किया। बाबू रामनारायण सिंह हिंदुत्ववाद और राष्ट्रवाद विचारधारा के प्रबल समर्थक थे, वे जम्मू कश्मीर में एक विधान एक निशान और एक प्रधान के समर्थक थे। उन्होंने 9 अगस्त 1952 को नयी दिल्ली से जम्मू कश्मीर ट्रेन यात्रा (धारा 370 हटाने का मांग को लेकर) के दौरान जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी, बलराज मधोक, उमाशंकर मलूटी भाई त्रिवेदी, जनसंघ के पूर्व सांसद विष्णु घनश्याम देशपांडे, पूर्व राष्ट्रीय महासचिव अखिल भारतीय हिंदू महासभा पूर्व सांसद और गुरुदत्त के साथ थे। 1955 में गौ हत्या निरोध समिति के बैनर तले सत्याग्रह आंदोलन की शुरूआत भगवान श्री कृष्ण की जन्मस्थली मथुरा से की गयी। जिसमें बाबूराम नारायण सिंह ने भाग लिया, इसमें हजारों महिला और पुरुषों ने भाग लिया, इसमें सैकड़ों की गिरफ्तारी हुई थी।

7 मार्च 1956 को मथुरा उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक परमपूज्य गुरु गोलवलकर की 50वीं जन्मोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में सभापति के रूप में भाग लिया।

रघुवर दास अपने मुख्यमंत्रित्व कार्यकाल में 2017 में बाबू रामनारायण सिंह की जीवनी झारखंड के स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल कराया।

9 दिसंबर 2019 को नरेंद्र मोदी ने बरही, हजारीबाग जनसभा में कहा कि बाबूराम नारायण सिंह कहते थे, कांग्रेस से भ्रष्टाचार को जन्म देने वाली पार्टी हो गयी है। वे उनलोगों लोगों में से थे, जिन्हें कांग्रेस का छल कपट पता चल गया था।

2 सितंबर 2023 को बीएसएफ, मेरु हजारीबाग की स्थापना दिवस समारोह में भारत सरकार के गृह मंत्री अमित शाह ने बाबूराम नारायण सिंह के भारत के विकास में योगदान का जिक्र किया। भारत रत्न की मांग करने वालों में इतिहास विभाग के रिसर्च स्कॉलर बुद्ध प्रिय मौर्य और युवा मोर्चा के प्रमंडलीय प्रभारी पंकज मेहता है।

# पीपरा में मार्शल क्रिकेट टूर्नामेंट का बीडीओ ने किया उद्घाटन




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हरिहरगंज/पलामू।** पीपरा प्रखंड कार्यालय स्थित मैदान में शनिवार को मार्शल क्रिकेट टूनामेंट का मुख्य अतिथि बीडीओ विनय कुमार और विशिष्ट अतिथि झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष विश्वनाथ राम ने संयुक्त रूप से फीता काट कर उद्घाटन किया। इस दौरान आयोजक कर्ता ने मुख्य अतिथियों को माला पहना सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य अतिथियों ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलनी चाहिए। खेल से शारीरिक विकास के साथ मानसिक विकास भी होता है। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि खेल के क्षेत्र में पीपरा प्रखंड का जिला राज्य और देश में अच्छा नाम है। उन्होंने कहा कि खेल के क्षेत्र में कैरियर की असीम संभावनाएं हैं। इसे देखते हुए प्रतिभावान खिलाड़ियों को अपनी कैरियर पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। इस दौरान उन्होंने आयोजक कर्ता कपिलदेव राम को इस आयोजन के लिए सराहना की। क्रिकेट टूनामेंट के आयोजक कर्ता कपिलदेव राम ने बताया कि उद्घाटन मैच के पहला दिन देशपुर और पीपरडीह टीम के बीच खेला गया। जिसमें देशपुर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 248 का लक्ष्य पिपरडीह को दिया। वहीं जवाबी पारी में पिपरडीह महज 99 रनो पर ही सिमट गई।मौके पर मधुबाना मुखिया राजेश चंद्रवंशी, कुश्ती संघ के जिला अध्यक्ष कान्हा सिंह, विंदेश्वरी पाठक, विजय राम, मार्केन्डे मिश्रा (एलआईसी), काशी यादव, इंपायर प्रकाश कुमार और धर्मेंद्र कुमार सहित सैकड़ों दर्शक मौजूद थे।

# विधायक ने अधिकारियों और कर्मियों के साथ की समीक्षा बैठक, दिये कई निर्देश



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय के सभागार में शनिवार को हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ विकास व राजस्व संबंधित समीक्षा बैठक की। इस दौरान विधायक ने उपस्थित पदाधिकारियों से तत्परता के साथ जनता का काम करने के लिए प्रेरित किया। विधायक ने कहा कि गरीब के कार्यों का शीघ्रता से निष्पादन करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है, इसमें आप सभी पदाधिकारियों का अहम योगदान है। साथ ही उन्होंने राजस्व संग्रहण को लेकर भी कई दिशा निर्देश दिये। बैठक में मुख्य रुप से अनुमंडल पदाधिकारी गौरांग महतो, अंचलाधिकारी पंकज कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार वर्मा, प्रभारी एमओ मनोज कुमार, हैदरनगर बीडीओ विश्वप्रताप मालवा, सीओ संतोष कुमार, मोहम्मदगंज बीडीओ रणबीर कुमार, प्रधान सहायक अशोक सिंह आदि मौजूद थे।




# लक्ष्मी शिशु वाटिका प्ले स्कूल में खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** लक्ष्मी शिशु वाटिका प्ले स्कूल जपला के प्रांगण में तीन दिवसीय खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। खेल प्रतियोगिता में वर्ग प्ले से लेकर सप्तम तक के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।इस दौरान खेल, दौड़, मेंढक रेस, कांचा चम्मच रेस, बैग रेस , बॉल फेंक रेस ,गणित रेस, मेंढक रेस , बोड़ा रेस , इत्यादि खेल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षकों का भरपूर सहयोग रहा। विद्यालय प्रबंधक शशिकेश कश्यप ने कहा कि खेल से बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास होता है एवं बच्चों में अनुशासन का विकास होता है।




## नशीली दवाओं की तस्करी पर बीएसएफ का करारा प्रहार

# भूमिगत स्टोरेज टंकी से 1.4 करोड़ की फेंसिडिल बरामद





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोलकाता।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसफ) दक्षिण बंगाल फ्रंटियर की 32वीं वाहिनी ने नशीली दवाओं की तस्करी पर करारा प्रहार किया है। पश्चिम बंगाल की भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा पर नदिया जिले के किशनगंज थाना अंतर्गत मझदिया कस्बे के नागहटा इलाके में जवानों ने एक बहुत बड़े ऑपरेशन को अंजाम दिया। जिसमें तीन भूमिगत स्टोरेज टंकी से 62,200 फेंसिडिल की बोतलों की भारी खेप बरामद की है, जिसकी अनुमानित कीमत एक करोड़ 40 लाख 58 हजार 444 रुपये आंकी गयी है। फेंसिडिल की इतनी बड़ी खेप बरामद होने से तस्करों को बहुत बड़े नुकसान के रुप में देखा जा रहा है, जिससे उनका नेटवर्क पूरी तरह से हिल गया है। जानकारी के मुताबिक सटीक और विश्वसनीय खुफिया जानकारी के आधार पर बीएसफ दक्षिण बंगाल फ्रंटियर की 32वीं वाहिनी की टूगी सीमा चौकी के जवानों ने नदिया जिले के मझदिया कस्बा अंतर्गत नागहटा इलाके में एक संगठित घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। इसमें बीएसफ के अधिकारियों, जवानों और स्थानीय पुलिस ने पूरी सतर्कता और सावधानी के साथ हिस्सा लिया। तलाशी के दौरान जवानों ने तीन भूमिगत स्टोरेज टंकी का पता लगाया। इनमें से दो टंकी घने बगीचों के बीच छिपा कर बनाए हुए थे, जबकि एक टंकी सीजीआई शीट की झोपड़ी के नीचे बनाया गया था। बंकरों को खोलनें के बाद उनके अंदर से फेंसिडिल की बोतलों से भरी पेटियां बरामद हुई, जिनके अंदर से 62,200 फेंसिडिल की बोतलें मिली। इनकी अनुमानित कीमत 1.40 करोड़ रुपये आंकी गई। इस बरामदगी ने क्षेत्र में सक्रिय तस्करी नेटवर्क की गहराई और उनके योजनाबद्ध षड्यंत्रों को उजागर कर दिया। जब्त की गई फेंसेडिल की खेप को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग को सौंप दिया गया है। उधर, बीएसएफ के दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के प्रवक्ता ने इस महत्वपूर्ण ऑपरेशन की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि सीमा सुरक्षा बल के जवानों की सतर्कता, साहस और प्रतिबद्धता का प्रमाण है। आगे उन्होंने कहा कि तस्करों के इस जटिल नेटवर्क पर और अधिक जानकारी जुटाई जा रही है, जिससे आने वाले समय में और बड़े खुलासे हो सकते हैं।

गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर लापुंग प्रखंड वासियों को हार्दिक बधाई
बंधु तिर्की
पूर्व मंत्री सह सदस्य समन्वय समिति झारखंड सरकार
विश्वनाथ मुंडा उप प्रमुख, सुदामा महली, जयंत बारला, राजेश बारला, प्रेम बारला, बंधु उरांव, मांगा तिर्की, सुरेश साहू, संजय साहू, मालती रानी केरकेट्टा, सरोज मुंडा, महावीर साहू

गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर देश वासियों समेत लापुंग प्रखंड की जनता को हार्दिक बधाई
अजीत शर्मा
मूर्तिकार, मेन रोड लापुंग रांची
माता सरस्वती का मूर्तिकार, मूर्ति के लिए संपर्क करें
मो. 6205745807

झारखंड स्टेट फार्मेसी कॉन्सिल
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग
झारखण्ड सरकार
बरियातू, रांची-834009
झारखंड राज्य के सभी फार्मासिष्टों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
प्रशांत कुमार पांडेय, रजिस्ट्रार सह सचिव, झारखंड स्टेट फार्मेसी कॉन्सिल, बरियातू, रांची
अनिल प्रसाद सिंह, अध्यक्ष, झारखंड स्टेट फार्मेसी कॉन्सिल, बरियातू, रांची

आप समस्त देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जल, जंगल, जमीन और संविधान ही देश की रक्षा और विकास कर सकता है
बहादुर उराँव
पूर्व विधायक
झामुमो

जिला कृषि कार्यालय-रांची
गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर जिला के सभी बिरसा किसान भाईयों को शुभकामनाएं
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता झारखंड सरकार द्वारा चलायी जा रही महत्वपूर्ण योजनाएं
1. बीज विनिमय एवं वितरण की योजना के अंतर्गत 50% अनुदान पर विभिन्न लैम्पस के द्वारा ब्लॉक चेन प्रणाली के माध्यम से खरीफ एवं रबी बीज का वितरण। 2. जिले के किसानों को कृषि कार्य करने हेतु किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) ऋण वितरित। 3. झारखंड कृषि ऋण माफी योजना के अन्तर्गत 2,00,000/- (दो लाख रू.) कृषि ऋण माफ। 4. प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अन्तर्गत 90% अनुदान पर टपक सिंचाई योजना का लाभ। 5. मिट्टी जांच प्रयोगशाला, कृषि विज्ञान केन्द्र एवं एग्री क्लीनिक के माध्यम से मिट्टी नमूना का मुफ्त जांच। 6. किसान भाईयों को एग्री स्मार्ट ग्राम के तहत जिले में 10 एग्री स्मार्ट ग्राम का संचालन। 7. समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना अंतगर्त तमाड़, बुंडू, लापुंग एवं बेड़ो में कृषक पाठशाला का संचालन। 8. किसान कॉल सेंटर 1800-123 1136 द्वारा किसानों की समस्याओं का समाधान। 9. बीज विनिमय एवं वितरण कार्यक्रम तथा बीज उत्पादन योजना। 10. कृषि मेला कार्यशाला, प्रदर्शनी, प्रशिक्षण, भ्रमण, प्रोत्साहन, पुरस्कार एवं प्रचार-प्रसार की योजना। 11. बिरसा फसल विस्तार योजना। 12. आधारभूत संरचनाओं की स्थापना एवं सुदृढीकरण तथा ग्रामीण कृषि हाट के निर्माण की योजना। 13. झारखण्ड कृषि ऋण माफी योजना। 14. Automatic Rain Gauge. 15. समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना-सह-कृषक पाठशाला। 16. किसान समृद्धि योजना। 17. झारखण्ड राज्य मिलेट्स (महुआ एवं ज्वार)। 18.Grant to FPOS.
ह./-
जिला कृषि पदाधिकारी, रांची

गणतंत्र दिवस के अवसर पर झारखंडवासियों एवं कांके विधानसभावासियों, शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं
सुरेश कुमार बैठा
विधायक
कांके विधानसभा, झारखंड
लालचंद सोनी, पंचायत समिति सदस्य अरसंडे सह कांग्रेस नेता, कांके, रांची
संजर खान, अध्यक्ष, कांके प्रखंड कांग्रेस कमेटी कांके, रांची (झारखंड)

26 गणतंत्र दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
सरयू राय, नीतीश कुमार, खीरू महतो
संतोष कुमार सोनी
प्रदेश महासचिव जदयू, झारखंड

खूँटी पुलिस
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आम सूचना
"अफीम की खेती कानूनन अपराध है"
1. अफीम की खेती से न केवल खेती योग्य जमीन की उर्वरा की शक्ति कम होती है, साथ ही साथ हमारी आनेवाली पीढ़ी पर भी इसका कुप्रभाव पड़ता है।
2. अवैध अफीम की खेती करना कानूनन अपराध है, जिसके तहत एन.डी.पी.एस. की धारा 18(सी)/20/16 के अनुसार (10) दस साल तक सख्त कारावास एवं एक लाख तक के जुर्माना का प्रावधान है।
3. उत्पादन के खरीद–बिक्री, आयात, अन्तर राज्य पर कम से कम छह माह एवं अधिकतम बीस वर्ष सख्त कारावास एवं दो लाख रूपये तक के जुर्माना का प्रावधान है। अफीम की खेती कर रहे लोगों से अपील है कि वे स्वयं अफीम के पौधों को नष्ट करें। अन्यथा पुलिस के द्वारा नष्ट किए जाने पर जमीन मालिक की गिरफ्तारी की जाएगी।
4. अवैध अफीम की खेती यदि आपके क्षेत्र में कहीं भी हो रही हो तो आपका कर्तव्य है कि संबंधित थाना प्रभारी एवं निम्नलिखित पदाधिकारियों को यथाशीघ्र सूचित करें, ताकि समाज में इसके वजह से हो रहे कुप्रभाव को रोका जा सके।
सूचना देने हेतु निम्नलिखित नम्बरों पर सम्पर्क करें :-
( डायल नम्बर – 112 )
पुलिस अधीक्षक, खूँटी –94317 06116
पुलिस उपाधीक्षक(मु0), खूँटी –94711 94993
अनु.पु.पदा., खूँटी – 94317 06145
अनु.पु.पदा., तोरपा – 94711 94994
A.H.T.U/महिला थाना – 94711 94966
पुलिस निरीक्षक, खूँटी – 94317 06156
पुलिस निरीक्षक, तोरपा – 94317 06157
खूँटी थाना – 94317 05196
मुरहू थाना – 94317 06197
कंट्रोल रूम, खूँटी – 94717 71101
अड़की थाना – 94317 06195
तोरपा थाना – 94317 06198
मारंगहादा थाना – 94711 94996
सायको थाना – 94711 94995
जरियागढ़ थाना – 94711 94997
तपकारा थाना – 94711 94998
रनिया थाना – 94317 06199
कर्रा थाना – 94317 06200
ज्ञापांक : 74 / ले0 शा0 दिनांक : 23.01.2025
निवेदक
खूँटी पुलिस।

# साहिल बने स्टेट टेनिस चैंपियनशिप 2025 के विजेता

**आदित्य सिंह को (8-1) के भारी अंतर स्कोर से हराकर झारखंड स्टेट नंबर 1 टेनिस रैंकिंग का खिताब अपने नाम किया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित झारखंड स्टेट रैंकिंग टेनिस टूर्नामेंट के मेंस वर्ग में झारखंड के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी रांची के साहिल अमीन ने फाइनल मुकाबले में रांची के ही टेनिस खिलाड़ी आदित्य सिंह को (8-1) के भारी अंतर स्कोर से हराकर झारखंड स्टेट नंबर 1 टेनिस रैंकिंग का खिताब अपने नाम कर लिया। अपने खिताब की रक्षा करने के लिए उतरे साहिल अमीन ने पूरे टूर्नामेंट में गजब खेल का प्रदर्शन किया। अपने दमदार फोरहैंड और शानदार सर्विस के बदौलत सभी विपक्षी खिलाड़ियों पर दबाव बनाये रखा और सभी राऊंड में भारी अंतर से जीत दर्ज किया। सेमी फाइनल में धनबाद के टेनिस खिलाड़ी रोहित कुमार लाला को (8-0) के स्कोर से हराकर साहिल ने फाइनल में प्रवेश किया था। यह टूर्नामेंट रांची के मेगा स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स होटवार में 23 जनवरी से 25 जनवरी तक आयोजित किया गया।

# मतदाता दिवस राष्ट्र के प्रति कर्तव्य की याद दिलाने का दिन है : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता





**लातेहार।** लातेहार 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर समाहरणालय सभागार में मतदाता शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के द्वारा जिले के वरीय पदाधिकारियों सहित सभी कर्मियों को मतदाता दिवस की शपथ दिलायी गयी।


इस दौरान उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदान का काफी महत्व है। मतदाता दिवस सभी भारत के नागरिकों को अपने राष्ट्र के प्रति कर्तव्य की याद दिलाता है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के आयोजन का उद्देश्य है कि हर व्यक्ति के लिए मतदान करना जरूरी है। प्रत्येक नागरिक का मतदान प्रक्रिया में भागीदारी जरूरी है ताकि हमारा लोकतंत्र और सशक्त एवं मजबूत हो।


मतदाता दिवस का शपथ दिलाते हुए कहा गया कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मयार्दा को बनाये रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। लातेहार विधानसभा अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ एवं मनिका विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को उपायुक्त के द्वारा प्रशस्ति-पत्र एवं शॉल देकर समानित किया गया।



















# पदमा प्रखंड कांग्रेस कमेटी ने निकाला अंबेडकर सम्मान मार्च

## बाबा साहब का अपमान बर्दाश्त नहीं : गौतम मेहता

आजाद सिपाही संवाददाता




**पदमा।** पदमा प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गौतम कुमार मेहता के नेतृत्व में दिन शनिवार को जय बापू जय भीम जय संविधान अभियान के तहत बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर सम्मान मार्च निकाला गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री मेहता ने कहा कि बाबा साहब ने हमें संविधान दिया और गृहमंत्री ने उनका अपमान किया। बाबा साहेब का अपमान कभी बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। आज बाबा साहेब के द्वारा दिया गया संविधान विश्व का सबसे बड़ा संविधान भारत का सविधान है। जिस पर हम सभी भारतीयों को गर्व करने की आवश्यकता है। मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष गौतम मेहता, रोमी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सुनील कुमार, युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष चुन्नू कुमार, राजेश कुमार, मोहम्मद अनवर, मोहम्मद मुन्ना अंसारी, संजय मेहता, विनोद कुमार, मुकेश ठाकुर, अजय कुमार, शुभम सिंह, विनोद कुमार, पप्पू कुमार आदि सैकड़ो की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता के उपस्थित थे।

# विद्यालय में कुकिंग प्रतियोगिता आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**रायडीह।** प्रखंड स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को बनवारी लाल साहू राजकीय मध्य विद्यालय के प्रांगण में आयोजित किया गया। जिसमें प्रखंड के 9 संकलन द्वारा भाग लिया गया। इसका मुख्य उद्देश्य रसोइया-सहायिकाओं में गुणवत्तापूर्ण भोजन तैयार करने, सीमित संसाधनों में बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने, भोजन बनाने की प्रक्रिया को आनंददायी बनाने, मध्यान भोजन के प्रति प्रोत्साहित करना, मध्यान भोजन में मोटे अनाज तथा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध खाद्य सामग्री द्वारा स्वादिष्ट भोजन बच्चों को उपलब्ध करना। जिसमें प्रथम संकुल संसाधन केंद्र मांझाटोली एवं द्वितीय संकुल संसाधन केंद्र पत्र टोली ने प्राप्त किया जिसमें बीपीओ अभिजीत सिंह, लेखपाल विजयपाल कुजूर, बीआरपी आभा गुप्ता, नंदकुमार, सुनील कुमार तौहिद आलम, जुगल तिर्की उपस्थित थे।






















## तुमांग में कंबल का किया गया वितरण

खलारी (आजाद सिपाही)। कांके विधायक सुरेश बैठा के सौजन्य से तुमांग पंचायत में कंबल का वितरण किया गया। पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र करमाली और युवा कांग्रेस नेता विनय कुमार के नेतृत्व में तुमांग में जरूरतमंदों को कंबल बांटा गया। इस मौके पर पंचायत कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र करमाली के नेतृत्व में कंबल वितरण किया गया। इस मौके पर युवा पंचायत अध्यक्ष सुधीर उरांव्र, रामेश्वर भोगता, उमेश लोहरा, आशीष यादव, करणवीर कुमार, नविन कुमार आदि उपस्थित थे।

## प्रखंड स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

**हिरणपुर।** प्रखंड स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता शनिवार को तारापुर स्थित मध्य विद्यालय प्रांगण में आयोजित हुई। जिसमें छह संकुल के 12 रसोइयाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीडीओ टुडू दिलीप व बीईईओ रफीक आलम ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रतियोगिता में मडुआ (मोटा अनाज) का लड्डू सहित अन्य व्यंजन बनाने को लेकर उपस्थित रसोइयाओ को दिया गया। जहां निर्मित व्यंजनों की गुणवत्ता, स्वाद, सफाई , बनाने की तैयारी आदि की अवलोकन किया गया। जिसमें कितताझोर संकुल के



रसोइया रानी मरांडी प्रथम और तारापुर संकुल की कल्पना देवी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

बीइइओ ने जानकारी देते हुए बताया सभी संकुल के विजेता और उप विजेता रसोइयाओ को प्रतिभागी बनाया गया है। इसमें विजेता को दो हजार और उप विजेता को एक हजार की राशि सम्बन्धित रसोइया के बैंक खाते में उपलब्ध करा दी जायेगी। जो पुरस्कार स्वरूप होगा। इस अवसर पर बीपीओ किशन भगत , बीआरपी संजय जयसवाल सहित बीआरसी के सभी कर्मी उपस्थित थे।





## डायन-बिसाही की घटना रोकना ही डालसा का लक्ष्य : कविता



बेड़ो प्रखंड के मुरतो पंचायत भवन में डालसा ने जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त के मार्गदर्शन में गुरुवार को बेड़ो प्रखंड के मुरतो पंचायत भवन में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एलएडीसी अधिवक्ता कविता कुमारी खाती ने नशीली दवाओं के सेवन से संबंधित कानुनों के बारे में जानकारी दिया। उन्होंने कहा कि नशा करना सेहत के लिए हानिकारक है। नशा से तन और धन दोनों की हानि होती है। बाल विवाह, बाल श्रम, पोक्सो एक्ट, महिलाओं के खिलाफ अपराध, मानव तस्करी, कम्पाउंडेबल और नॉन-कम्पाउन्डेबल अपराध के बारे में उन्होंने जानकारी साझा किया। उन्होंने कहा कि बच्चे-बच्चियों का विवाह 18 वर्ष के बाद ही करें। विवाह से पूर्व अपने बच्चों को समुचित शिक्षा दें। जिससे वे अपने पैरों पर खड़ा हो सकें। बाल श्रम अपराध है। बच्चों से काम कराने या काम में लगवाने के बजाय उन्हें शिक्षित करें। दिन-ब-दिन डायन-बिसाही के नाम पर आम लोगों को प्रताड़ित कर उन्हें मार दिया जाता है, जो कि एक अपराध है। यह एक ऐसी अंधविश्वास है, जो ग्रामीण लोगों के बीच फैला हुआ है। जागरूकता के माध्यम से इसे जड़ से हटाना ही हमलोगों का उद्देश्य है। उन्होंने आगामी 22 फरवरी को होनेवाली विशेष लोक अदालत की जानकारी दिया। पीएलवी सतीश कुमार ने प्री-लिटिगेशन मुकदमा दर्ज कराने, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, असंगठित मजदूरों का निबंधन, आयुष्मान भारत योजना के गोल्डन कार्ड, बाल श्रम एवं बाल अधिकार के बारे में जानकारी दिया। पीएलवी मंगल तिर्की व दिनेश प्रमाणिक ने मोटर वाहन दुर्घटना में मिलनेवाली मुआवजा के बारे में जानकारी दिया। मंगल तिर्की ने प्रधानमंत्री आवास योजना, विधवा पेंशन एवं वृद्धा पेंशन के बारे में प्रकाश डाला। ज्ञात हो कि आगामी 22 फरवरी को आयोजित होनेवाले विवाह और चेक अनादरण से संबंधित विशेष लोक अदालत और 08 मार्च को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी डालसा के समर्पित पीएलवी के द्वारा दिया गया। उन्होंने कहा कि उक्त तिथि को वादकारी व्यवहार न्यायालय रांची में आकर अपने वादों का निस्तारण करा सकते हैं। इससे समय और धन की बचत होगी। वहीं मौके पर एलएडीसी अधिवक्ता कविता कुमारी खाती, पीएलवी सतीश कुमार, मंगल तिर्की,दिनेश प्रमाणिक और राजा वर्मा आदि मौजूद थे।












# ओड़िशा: भाजपा जिला अध्यक्षों की सूची जारी



## जिला अध्यक्षों की सूची इस प्रकार है

1कालाहांडी- जुगल पोड, 2गंजम- सरोज सबत, 3बलांगीर- डॉ. श्रीबत्सा बेहरा, 4सुंदरगढ़- गिरीश साहू, 5ढेंकनाल झ्र रास बिहारी साहू, 6केंद्रपाड़ा- सासंका शेखर सेठी, 7बालासोर- ईश्वर चंद्र बेहरा, 8कटक शहर- सुकांत चंद्र बिस्वाल, 9पुरी- देबेन्द्र तराई, 10पश्चिम मयूरभंज (रायरंगपुर)- जुरीलाल मोहंती

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के जिला अध्यक्षों के नामों की आज घोषणा कर दी गयी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के जिला अध्यक्ष के लिए चयन आज से शुरू हो गया है। भाजपा के जिला प्रमुख पद के लिए चयन सुचारू रूप से चल रहा है।

# निबंध, संगीत, वाद-विवाद और पेंटिंग में सफल छात्रों को किया गया सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस से पूर्व प्रखंड स्तर पर छात्र-छात्राओं के बीच मतदान से सम्बन्धित निबंध, संगीत, वाद-विवाद और पेटिंग विषयों पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मतदाता दिवस के अवसर पर शनिवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में सीओ प्रताप मिंज द्वारा प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। जहां निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की सुजीता कच्छप द्वितीय प्रोजेक्ट बालिका विद्यालय की उम्मे अयमन और तृतीय स्थान पर मध्य विद्यालय जरिया के अभिषेक बैठा रहे। संगीत में कन्या मध्य विद्यालय बेड़ो की खुशबू उरांव द्वितीय कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की सरस्वती उरांव असरो हाई स्कूल की करिश्मा कुमारी रही। वाद- विवाद में प्रथम कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की मधु रानी तिर्की द्वितीय घाघरा हाई स्कूल की आयशा सिद्दीकी तृतीय स्थान पर बालक मध्य विद्यालय बेड़ो की रिंकी कुमारी चित्रकला में प्रथम कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की रिया टोप्पो द्वितीय प्रोजेक्ट बालिका विद्यालय की सुहानी सिंह और तृतीय स्थान पर मॉडल स्कूल बेड़ो की सुमी मोदक रही। मौके पर सीओ ने कहा कि छात्रों ने अपनी शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। उन्होंने छात्र छात्राओं को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। मौके पर करमा उरांव, हल्यानी हेम्ब्रम सहित कई शिक्षक मौजूद थे।

# मंत्री, उपायुक्त और एसएसपी ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को किया रवाना



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** मंत्री संजय प्रसाद यादव, श्रम नियोजन, प्रशिक्षण और कौशल विकास विभाग तथा उद्योग विभाग, झारखंड सरकार धनबाद जिला पहुंचे। सर्किट हाउस पहुंचने पर उपायुक्त माधवी मिश्रा और एसएसपी एचपी जनार्दनन ने पुष्पगुच्छ देकर मंत्री का स्वागत किया। इस दौरान माननीय मंत्री संजय प्रसाद यादव, उपायुक्त माधवी मिश्रा और एसएसपी एचपी जनार्दनन ने सर्किट हाउस परिसर से हरी झंडी दिखाकर श्रम विभाग के कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार हेतु जागरूकता रथ को रवाना किया। मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि यह प्रचार रथ धनबाद जिला के सभी प्रखंडों के गांव गांव जाकर लोगों को जागरूक करेगी।

उन्होंने अपील किया गया कि जो भी मजदुर अपने राज्य से दूसरे राज्य में कार्य करने जाते है वे अपना निबंधन प्रवासी मजदूर के रुप में श्रम विभाग में जरुर करवायें। उन्होंने कहा कि श्रम विभाग द्वारा संचालित प्रवासी श्रमिक पुनर्वास योजना, बाल श्रमिक, झारखंड असंगठित सामाजिक सुरक्षा योजना, झारखंड भवन और अन्य संनिर्माण कर्मकार योजना सहित अन्य योजनाओं के बारे में लाभुक जागरूक हों और योजनाओं का लाभ ले सके। मौके पर सहायक श्रम आयुक्त प्रवीण कुमार, सहायक श्रम अधीक्षक रंजीत कुमार, जिला नियोजन पदाधिकारी आनंद कुमार समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहें।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय
पाकुड़
26 जनवरी 2025 गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर पाकुड़ जिला के समस्त नागरिकों को पाकुड़ पुलिस की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं !
निवेदक
पुलिस अधीक्षक
पाकुड़

# नयागढ़ में छात्रा ने हॉस्टल की छत से लगायी छलांग



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयागढ़।** ओड़िशा के नयागढ़ जिले में शनिवार को प्रजामंडल महिला डिग्री महाविद्यालय में छात्रावास की छत से कथित तौर पर कूदने के बाद एक छात्रा की हालत गंभीर हो गयी। छात्र की पहचान कॉलेज के +2 द्वितीय वर्ष के छात्र के रूप में हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, छात्रा पिछले तीन दिनों से किसी अज्ञात कारण से परेशान थी। सुबह जब वह अपने सहपाठी और दोस्त अपने-अपने कमरों में थे, तभी उसने कथित तौर पर छात्रावास की छत से छलांग लगा दी। शोर सुनकर ग्राउंड फ्लोर पर मौजूद छात्र और शिक्षक उसके पास पहुंचे और उसे अस्पताल ले गये। उसे गंभीर हालत में नयागढ़ जिला मुख्यालय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि लड़की के पैर और चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं। यह भी पता चला है कि छलांग लगाते समय उसके हाथ में एक नोट था। इस पत्र में उसके माता-पिता का फोन नंबर भी लिखा है। नगर पुलिस ने खून से सने पत्र को जब्त कर लिया है, और मामले की जांच कर रही है।

# बीडीओ ने उत्कृष्ट छात्रों के बीच बांटे ब्लेजर, चेहरे पर दिखी मुस्कान



आजाद सिपाही संवाददाजा

**हिरणपुर।** बीडीओ टुडू दिलीप ने शनिवार को तारापुर स्थित मध्य विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उत्कृष्ट तीन छात्रों के बीच ब्लेजर अपने हाथों से बांटा। उपायुक्त पाकुड़ के निर्देश पर छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए ब्लेजर बांटे जा रहे है। बीडीओ ने इस विद्यालय के कक्षा आठ के छात्रा तन्नू कुमारी, लक्ष्मी कुमारी और कमल साहा को ब्लेजर दी। बीडीओ ने उपस्थित बच्चो को सम्बोधित करते हुए कहा कि कक्षा में उत्कृष्ट छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया जा रहा है। सभी बच्चे निष्ठा के साथ पठन पाठन करे। शिक्षा से ही सर्वांगीण विकास होगा। आप भी शिक्षा हासिल कर उज्वल भविष्य की निर्माण कर सकते है। बीइओ रफीक आलम ने कहा कि सभी विद्यालय के उत्कृष्ट छात्रों को सम्मानित किया जायेगा। जिससे कि बच्चे शिक्षा को लेकर पूर्णतया तैयारी करे। इस अवसर पर बीपीओ किशन भगत, बीआरपी संजय जयसवाल, प्रधानाध्यापक सुभाष आनन्द सहित सभी शिक्षक उपस्थित थे।

## दो बाइक की टक्कर में एक महिला की मौत, तीन घायल

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** पंचेत ओपी अंतर्गत जीरो पॉइंट के समीप दो बाइक की टक्कर हो गयी, जिसमें जेयगुन बीवी (50) नमक महिला की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि पंचेत के बांदा बस्ती का रहने वाला अख्तर अपने मां जेयगुन बीवी और पिता इंसान अंसारी साथ ही एक बच्चा को लेकर खोखरा पहाड़ी अपने रिश्तेदार के यहां जा रहे थे। इसी बीच जीरो पॉइंट के समीप उनकी बाइक की टक्कर दूसरे एक बाइक से हो गयी। जिसमें बाइक पर सवार जेयगुन बीवी की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। वहीं दूसरे बाइक पर सवार पश्चिम बंगाल रामपुर निवासी शिवा बाउरी का कहना है पिता को पतलाबाड़ी छोड़कर घर अपने अपाची बाईक से रामपुर लौट रहा था। मेरे साथ चचेरा भाई अर्जुन बाउरी भी बाइक पर सवार थे। सामने से एक ट्रैक्टर आया और दोनों बाइक आपस में टकरा गया और हम सभी घायल हो गये, स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल लाया गया हैं। मृतक के भाई मोहम्मद निजाम अंसारी ने बताया कि मेरी बहन जायेगुण बीवी घर की एक कमाऊ महिला थी। उसकी मौत से हम सभी काफी मर्माहट है। प्रशासन से मांग करूंगा कि मृतक के आश्रितों को उचित मुआवजा दिलाई जाए, फिलहाल पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉडम के लिए धनबाद भेज दी हैं।

# विद्या निकेतन के बच्चों ने जैव विविधता उद्यान का किया भ्रमण





आजाद सिपाही संवाददाता

बेड़ो । कॉलेज मोड़ स्थित विद्या निकेतन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शनिवार को जैव विविधता उद्यान का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। बच्चे उद्यान में लगे विभिन्न प्रकार के जड़ी-बूटियों के पौधों, कैक्टस की विभिन्न प्रजातियों, फूलों के विभिन्न प्रकारों, कृत्रिम वॉटरफॉल, गुलाब बगीचा, जलकुंभी के प्रजातियों, कागज फूलों के बगीचे आदि को देखकर काफी रोमांचित हुए। पार्क में बच्चों के खेलने के लिए उत्तम व्यवस्था है जिसका बच्चों ने भरपूर लुफ्त उठाया। विद्यालय के संचालक ओमप्रकाश महतो ने बच्चों को वन एवं वन्य जीवों के संरक्षण की महत्ता के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विद्यालय की ओर से समय-समय पर इस प्रकार के आयोजन किये जाते हैं,जिससे बच्चों में पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ प्रत्यक्ष ज्ञान का भी विकास होता है। बच्चे जो जानकारी किताबों में पढ़ते हैं, जब उससे संबंधित चीजें अपनी आंखों से देखते हैं, तो इससे सीखने में काफी आसानी होती हैं। उनके व्यवहारिक ज्ञान में बढ़ोतरी होती है। इस भ्रमण में विमल टोप्पो, प्रतिमा कुमारी, सुमन केरकेट्टा, छविंद्र महतो, रुपेश शर्मा, नेहा, सुगंती, हीरामुनी, किरण, सुनीता,रश्मि, अर्चना, तनु प्रिया, सारिका और फ्लोरेंसिया ने सराहनीय योगदान दिया।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय
साहिबगंज
26 जनवरी 2025 गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर साहिबगंज जिला के समस्त नागरिकों को साहिबगंज पुलिस की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं !
Happy Republic Day
निवेदक
पुलिस अधीक्षक
साहिबगंज

कोल इंडिया
Coal India
सीएमपीडीआई
मिनी रत्न
cmpdi
Mini Ratna
TOTAL MINING SOLUTIONS
One stop solution
India's one of the largest consultancy organization with over 47 years of experience as in-house consultant to Coal India Limited is diversifying its activities to other mine owners.
An ISO 9001:2015 & 37001:2016 Certified Mini-Ratna Company with Headquarters at Ranchi and 7 strategically located Regional Institutes to provide door-step services.
Recipient of the SCOPE Meritorious Award from President of India for R&D initiatives in the Coal Sector.
Facilitated production augmentation of CIL from 79 Mt in 1975-76 to 773.64 Mt in 2023-24.
Offers full range of services in the sphere of resource exploration, mining, beneficiation and development of mine from concept to commissioning including environmental, geomatics and specialized services including Blasting, NDT, CBM/CMM & Coal Gasification, etc.
Expertise under one roof
- Integrated Exploration services
- Preparation of Master Plans of Coalfields
- Project Planning & Design including concept to commissioning to closure for coal & minerals.
- Engineering Services including Planning for Infrastructure Development
- Coal Beneficiation
- Preparation of EIA/EMP.
- Environment Monitoring and Mine Closure Planning
- Remote sensing surveillance and monitoring
- Drone/UAV based survey and mapping services
- Hydrogeological services
- Project Management Consultancy services for Civil construction supervision, Solar Power Projects, etc.
- Lab services viz. Coal characterization, Washability of Coal, Mine Air, Water & Soil quality, Physico-Mechanical properties of rocks, CBM related studies, etc.
- Specialized Services in the field of Blasting, Ventilation, Support Design, NDT, Clean Coal Technology like CBM, CMM & Coal Gasification, etc.





CENTRAL MINE PLANNING AND DESIGN INSTITUTE LIMITED
(A Subsidiary of Coal India Limited)
Gondwana Place, Kanke Road,
Ranchi 834 031 (Jharkhand) INDIA
Tel: +91 651 2230116/2230483
Fax: +91 651 2232249/2231447
Email: gmbd.cmpdi@coalindia.in
www.cmpdi.co.in /CMPDIL/ /cmpdil/ /cmpdi /CMPDIL/





# डीसीडीए और श्री क्लीनिक ने लगाया मेगा रक्तदान शिविर

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** धनबाद केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन और न्यू श्री क्लिनिक धनबाद के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित मेगा रक्तदान शिविर का मुख्य अतिथि धनबाद उपायुक्त माधवी मिश्रा ने उद्घाटन किया। उपायुक्त माधवी मिश्रा, न्यू श्री क्लीनिक के डायरेक्टर विभास सहाय और नीतू सहाय, ललित अग्रवाल, देवेंद्र तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। यह कार्यक्रम एक राष्ट्रव्यापी रक्तदान अभियान ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 153 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। जिसमें 50 यूनिट डॉक्टर अजय कुमार बल्ड बैंक के अधिकारी, एसएनएमएमसीएच को दिया गया और 103 यूनिट श्रीनिवास बल्ड बैंक जोड़ाफाटक, धनबाद को दिया गया। केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित अग्रवाल ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य एक ही दिन में सबसे अधिक रक्तदान और रक्तदान की शपथ के लिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में एक रिकॉर्ड स्थापित करना है। यह नेक पहल ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट ने डॉक्टर एके सहाय की पुण्य स्मृति में और एइओसीडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेएस शिंदे के 75वें जन्मदिन के शुभ अवसर पर आयोजित किया गया। झारखंड केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष कृष्णा प्रधान, वरीय उपाध्यक्ष उमेश श्रीवास्तव महासचिव सुभाष मंडल ने धनबाद केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन को झारखंड में सबसे अधिक रक्तदान करवाने के लिए काफी तारीफ की और बधाई दी। सभी मित्रों, ग्राहकों, कर्मचारियों और अन्य लोगों को इस जीवन रक्षक अभियान में भाग लेने के लिए धन्यवाद दिया गया। अग्रवाल ने कहा रक्तदान न केवल दयालुता का कार्य है, बल्कि मानवता के लिए एक महत्वपूर्ण योगदान भी है। यह रक्तदान श्री क्लिनिक धनबाद में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम के सुचारू क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तर पर प्रयासों का समन्वय किया गया है। एआइओसीडी राज्य और जिले उन सभी स्वयंसेवकों, रक्त बैंकों और जिला प्रतिनिधियों का तहे दिल से शुक्रिया अदा करते हैं जो इस पहल का समर्थन करने के लिए आगे आये हैं।












आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**